RNI NO. PUNBIL/2014/59416 UTURNTIME.COM

# यूटर्न टाइम

THE GOOD, BAD AND UGLY OF INDIA

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS

**गुस्ताखी माफ**



पीएम होते भगत सिंह, भारत होता खास।
खोद रहे होते कहीं, अब के नेता घास।
अब के नेता घास, हड़प ना पाते मेवा।
करनी पड़ती इन्हें, लोक की सचमुच सेवा।
कह साहिल कविराय, सयाने होते सीएम।
भारत होता खास, भगत सिंह होते पीएम।

प्रस्तुति : डॉ. राजेन्द्र साहिल

VOL: 03 | ISSUE 54 | THURSDAY DATE 19-03-2026 | RS 3 | PAGE-8 | PUBLISHED BY: DELHI | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com

# लोकतंत्र में विविधता ही सबसे बड़ी ताकत: मोदी

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 18 मार्च।**



इस वर्ष अप्रैल से जुलाई के बीच राज्यसभा के 59 सदस्य सेवानिवृत्त हो रहे हैं। इनमें 20 राज्यों के अलग-अलग दलों के सांसद शामिल हैं। इनमें 9 महिला सदस्य भी शामिल हैं। इस सेवानिवृत्ति पर बुधवार को राज्यसभा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि यह एक ऐसा अवसर है जो हर दो वर्ष में इस सदन को भावुक क्षणों से भर देता है।

उन्होंने सभापति सीपी राधाकृष्णन से कहा, इस विशेष अवसर पर आपने मुझे अपनी भावनाएं व्यक्त करने का जो अवसर दिया है, उसके लिए मैं आपका हृदय से आभारी हूं। पूर्व प्रधानमंत्री एच. डी. देवगौड़ा, नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, उपसभापति हरिवंश भी सेवानिवृत्त हो रहे सांसदो में शामिल हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सदन में कहा, इस सदन में अनेक विषयों पर चचाएं होती हैं। हर सदस्य का योगदान महत्वपूर्ण होता है। खट्टे-मीठे अनुभव भी होते हैं, लेकिन जब विदाई का क्षण आता है, तो स्वाभाविक रूप से हम सब दलगत भावनाओं से ऊपर उठ जाते हैं और एक साझा भावना उभरती है कि हमारे साथी अब नई जिम्मेदारियों की ओर अग्रसर हो रहे हैं। यहां से जो साथी विदा ले रहे हैं, उनमें कुछ पुन लौटने की संभावना के साथ जा रहे हैं, तो कुछ अपने अनुभवों को समाज जीवन में नए रूप में योगदान देने के लिए आगे बढ़ेंगे।

प्रधानमंत्री ने राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि उपसभापति हरिवंश जी ने भी लंबे समय तक इस सदन की गरिमा को बनाए रखते हुए अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन किया है। उनका शांत स्वभाव, मृदुभाषिता और सभी का विश्वास जीतने की क्षमता सदैव प्रेरणादायक रही है। मैंने यह भी देखा है कि कठिन परिस्थितियों में अक्सर सदन के संचालन की जिम्मेदारी उनके कंधों पर आती है, जिसे उन्होंने अत्यंत कुशलता से निभाया है। सदन के बाहर भी उपसभापति ने देश के विभिन्न कोनों में जाकर युवाओं से संवाद किया, उन्हें देश की परिस्थितियों से अवगत कराया और उनमें राष्ट्र के प्रति जागरूकता जगाने का कार्य किया। वे न केवल कलम के धनी हैं, बल्कि कर्मठ व्यक्तित्व के रूप में भी उन्होंने अपनी पहचान बनाई है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि मुझे पूर्ण विश्वास है कि जो सदस्य इस बार नहीं जा रहे हैं, वे नए आने वाले सदस्यों को अपने अनुभवों से समृद्ध करेंगे, और नए सदस्य भी अपनी ऊर्जा और नए विचारों से इस सदन को और अधिक सशक्त बनाएंगे। प्रधानमंत्री ने कहा, 'अंत में, मैं एक महत्वपूर्ण बात कहना चाहूंगा कि लोकतंत्र में सेकंड ओपिनियन की बहुत बड़ी भूमिका होती है।



## असम में महिलाओं के खिलाफ अपराधों में 86.5 प्रतिशत की कमी: सरमा

**गुवाहाटी, यूटर्न/ 18 मार्च।** असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने बुधवार को कहा कि उनकी सरकार के सत्ता में आने के बाद से राज्य में महिलाओं के खिलाफ अपराधों में 86.5 प्रतिशत की कमी आई है। उन्होंने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता बनी हुई है। मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा शर्मा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि उनकी सरकार ने महिलाओं के खिलाफ अपराधों को रोकने के लिए निरंतर उपाय किए हैं, हालांकि ऐसे मामलों को पूरी तरह से समाप्त करने तक प्रयास जारी रहेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा, 'माताओं और बहनों की सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। यही कारण है कि हमारी सरकार के सत्ता में आने के बाद से महिलाओं के खिलाफ अपराधों में भारी कमी आई है। लेकिन हम तब तक चैन से नहीं बैठेंगे जब तक हम यह सुनिश्चित नहीं कर लेते कि एक दिन महिलाओं के खिलाफ अपराध शून्य हो जाएं।' सरमा ने कहा कि महिलाओं के खिलाफ अपराधों में 86.5 प्रतिशत की गिरावट आई है, जिसका श्रेय उन्होंने मजबूत कानून प्रवर्तन और लक्षित हस्तक्षेपों को दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने पुलिस व्यवस्था में सुधार, निगरानी तंत्र को मजबूत करने और महिलाओं की सुरक्षा से संबंधित कानूनों के सख्त कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने पर ध्यान केंद्रित किया है।

## संक्षिप्त खबरें

### कांग्रेस एक अर्थहीन संपत्ति की तरह, जिसकी कोई मूल्य और अहमियत नहीं: मुख्तार अब्बास नकवी



**नई दिल्ली, यूटर्न/ 18 मार्च।** भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला और भाजपा नेता मुख्तार अब्बास नकवी ने विधानसभा चुनाव 2026 को लेकर कांग्रेस सहित विपक्ष पर निशाना साधा है। पश्चिम बंगाल में होने वाले आगामी विधानसभा चुनावों पर भाजपा नेता मुख्तार अब्बास नकवी ने आईएएनएस से बातचीत में कहा, 'मुझे लगता है कि उन्हें (ममता बनर्जी) पहले से ही पता है कि चुनाव में हारने वाली हैं। जब ऐसा होगा तो वे चुनाव आयोग के साथ खेल खेलना शुरू कर देंगे। आपको अपने किए का परिणाम भुगतना ही होगा। आज पश्चिम बंगाल की जनता कुशासन, भ्रष्टाचार और अपराध से तंग आ चुकी है। वे अब इस बोझ को सहन नहीं कर पा रहे हैं और इससे बोझिल महसूस कर रहे हैं।'

### पब्लिसिटी के लिए रची फर्जी फायरिंग, दिल्ली पुलिस ने तीनों आरोपियों को दबोचा

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 18 मार्च।** आउटर दिल्ली के पश्चिम विहार ईस्ट में हुई फायरिंग के मामले में चौंकाने वाला खुलासा है। पश्चिम विहार ईस्ट और स्पेशल स्टाफ की टीम ने जांच के दौरान पाया कि यह पूरा मामला ही झूठा है। पुलिस ने मामले में शिकायतकर्ता समेत 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जा रहा है कि यह गिरोह फायरिंग की झूठी कहानी रचकर फाइनेंसरों के पैसे हड़पने की कोशिश में था, लेकिन पश्चिम विहार ईस्ट और स्पेशल स्टाफ की टीम ने इस मामले में खुलासा करते हुए गिरोह के तीनों सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया है। अब पुलिस मामले में आगे की वैधानिक कार्रवाई कर रही है। पुलिस ने बुधवार को प्रेस नोट जारी कर बताया कि पश्चिम विहार ईस्ट में फायरिंग का झूठा मामला रचा गया था। आरोपियों ने पब्लिसिटी और रसूख पाने के लिए खुद को विदेश में बैठे कुख्यात गैंगस्टरों का शिकार दिखाने की कोशिश की थी।

### यूजीसी रेगुलेशन के समर्थन में पटना में प्रदर्शन

**पटना, यूटर्न/ 18 मार्च।** ऑल इंडिया इक्विटी फोरम फॉर इक्विटी के बैनर तले बुधवार को पटना में यूजीसी से जुड़े मुद्दों तथा उच्च शिक्षा में समान अवसर की मांग को लेकर राजभवन मार्च का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में छात्र-नौजवान, सामाजिक एवं राजनीतिक कार्यकर्ता और विभिन्न जिलों से आए लोगों ने भाग लिया। यह मार्च गांधी मैदान के गेट नंबर 10 से शुरू होकर जेपी गोलंबर के बैरिकेड को तोड़ते हुए डाक बंगला चौराहा तक पहुंचा, जहां कुछ प्रदर्शनकारियों के साथ पुलिस ने धक्कामुक्की की और कुछ लोगों को हिरासत में ले लिया। हालांकि, बाद में सभी को छोड़ दिया गया। डाक बंगला चौराहा पर यह मार्च एक सभा में तब्दील हो गया। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि शिक्षा में बढ़ती सामाजिक असमानता, जातिगत भेदभाव एवं उत्पीड़न के खिलाफ यह जरूरी है कि यूजीसी रेगुलेशन लागू किया जाए तथा नई शिक्षा नीति 2020 को वापस लिया जाए। वंचित वर्गों के लिए आरक्षण की सीमा को बढ़ाया जाए और उसे सख्ती से लागू किया जाए।

## सांसद बोरदोलोई दे सकते हैं इस्तीफा, पार्टी को नहीं थी जानकारी : प्रियंका

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 18 मार्च।**



असम के कांग्रेस सांसद प्रद्युत बोरदोलोई ने आगामी विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा कि यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है। कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने पत्रकारों से संभावना जताई कि बोरदोलोई टिकट बंटवारे को लेकर परेशान थे। उन्होंने कहा कि काश पार्टी को इस बारे में उनसे बात करने का मौका मिलता। अगर कुछ बात होती तो उसको बैठकर दूर किया जाता लेकिन इस तरह होगा, इसकी जानकारी नहीं हो पाई।

वहीं, कांग्रेस सांसद मनोज कुमार ने कहा, 'मैं ओडिशा के नेताओं, राहुल गांधी और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे का धन्यवाद करना चाहूंगा। गलत काम करने वालों और गद्दारों को निलंबित कर दिया गया है। मैं मांग करता हूं कि ओडिशा की तर्ज पर इसी तरह का कदम बिहार में भी उठाया जाए। कार्रवाई बहुत जरूरी है।' पूर्व कांग्रेस नेता नवज्योति तालुकदार ने कहा, 'मैं असम जाकर भाजपा ज्वाइन करूंगा। सांसद प्रद्युत बोरदोलोई भाजपा में शामिल हो रहे हैं और हमारी असम के मुख्यमंत्री से बात हुई है।' असम के सांसद बोरदोलोई से जब पूछा गया कि क्या वह भाजपा में शामिल हो रहे हैं, तो उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि ऐसा इसलिए है क्योंकि मुझे बुलाया गया है।

## संस्थाएं कायम रहती हैं, लेकिन लोगों के चेहरे बदलते रहते हैं : खड़गे

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 18 मार्च।**



राज्यसभा से कई सांसद सेवानिवृत्त हो रहे हैं। इन सांसदों व सदन को संबोधित करते हुए नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि समय अपनी गति से चलता रहता है। संस्थाएं कायम रहती हैं, लेकिन लोगों के चेहरे बदलते रहते हैं। जो साथी दोबारा चुनकर आ रहे हैं, उनका स्वागत है और जो यहां से सेवानिवृत्त होकर जा रहे हैं, वे सार्वजनिक जीवन में अपना योगदान आगे भी जारी रखेंगे। यहां का अनुभव उन्हें भविष्य में और अधिक सार्थक भूमिकाएं निभाने की क्षमता देगा। राज्यसभा में स्वयं मल्लिकार्जुन खड़गे का कार्यकाल भी समाप्त हो रहा है। इस पर उन्होंने कहा कि मैं स्वयं अपने लंबे संसदीय जीवन में पहली बार इस सदन का सदस्य बना और 16 फरवरी 2022 से नेता प्रतिपक्ष की जिम्मेदारी संभाली। अब मेरा पहला कार्यकाल पूरा होने जा रहा है, लेकिन यहां के अनुभव मेरे लिए अत्यंत महत्वपूर्ण रहे हैं। उच्च सदन में मेरा अनुभव खट्टा-मीठा रहा है, लेकिन मैं मानता हूं कि इस सदन को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए नए प्रयासों की आवश्यकता है, ताकि यह देश और समाज को बेहतर दिशा दे सके।

खड़गे ने इस दौरान राज्यसभा से सेवानिवृत्त हो रहे अपने कुछ साथियों का विशेष रूप से उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि एचडी देवगौड़ा, जो देश के प्रधानमंत्री सहित कई महत्वपूर्ण पदों पर रहे, उनके साथ मेरा लंबे समय का संबंध रहा है।

## ग्रेटर नोएडा में आबकारी विभाग का बड़ा एक्शन, 50 लाख की अवैध शराब से भरा ट्रक पकड़ा

» **ग्रेटर नोएडा, यूटर्न/ 18 मार्च।**



ग्रेटर नोएडा के दादरी क्षेत्र में आबकारी विभाग और पुलिस की संयुक्त टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध शराब से भरे एक ट्रक को पकड़ा है। यह कार्रवाई लुहारली टोल प्लाजा पर चेकिंग के दौरान की गई, जहां संदिग्ध गतिविधि के चलते ट्रक को रोका गया और तलाशी ली गई।

जांच के दौरान ट्रक के अंदर भारी मात्रा में शराब बरामद हुई, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 50 लाख रुपये बताई जा रही है। अधिकारियों के अनुसार, यह शराब पंजाब से किसी अन्य राज्य में अवैध रूप से ले जाई जा रही थी। तस्करों ने पुलिस और आबकारी विभाग की नजर से बचने के लिए बेहद शातिर तरीका अपनाया था। ट्रक में शराब की पेटियों को थमाकोल की आड़ में छिपाकर रखा गया था, ताकि सामान्य जांच में यह सामान नजर न आए। लेकिन टीम की सतर्कता और सघन चेकिंग के चलते इस पूरे मामले का खुलासा हो गया।

बरामद शराब में अंग्रेजी ब्रांड की बोतलों के साथ-साथ बड़ी मात्रा में बियर भी शामिल है। प्रारंभिक जांच में यह आशंका जताई जा रही है कि शराब की यह खेप बिना वैध दस्तावेजों के दूसरे राज्य में सप्लाई के लिए भेजी जा रही थी, जिससे सरकार को भारी राजस्व का नुकसान हो सकता था। हालांकि, कार्रवाई के दौरान ट्रक चालक मौके से फरार हो गया, जिसकी तलाश में पुलिस की टीमें जुट गई हैं।

वाहन को कब्जे में लेकर थाना दादरी क्षेत्र में मामला दर्ज कर लिया गया है और आगे की जांच की जा रही है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है, जिससे आरोपी चालक और इस तस्करी गिरोह के अन्य सदस्यों तक पहुंचा जा सके।

यूटर्न टाइम
THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA

## संक्षिप्त खबरें

### चार साल की बच्ची से दुष्कर्म के बाद हत्या का आरोपी मुठभेड़ में गिरफ्तार

**गाजियाबाद, यूटर्न/ 18 मार्च।** चार वर्ष की बच्ची की दुष्कर्म क बाद हत्या के आरोपी को पुलिस ने मुठभेड़ के बाद पकड़ा। उसके दोनों पैर पर गोली लगी है। आरोपी के दोनों पैरों में गोली लगी है और उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यह घटना नंदग्राम थाना क्षेत्र की बताई जा रही है। गाजियाबाद के एसीपी जियाउद्दीन अहमद ने बताया, आरोपी गौरव प्रजापति को नंदग्राम पुलिस ने हिरासत में लिया था। उसने पुलिस पूछताछ में बताया कि उसने बच्ची की हत्या की है और हत्या करने के बाद अपने खून से सने हाथों को एक रुमाल से साफ करके घटनास्थल के पास झाडियों मे फेंका गया है। पुलिस टीम उसे साथ लेकर घटनास्थल पर गई। जहां पर आरोपी ने पहले से छिपाए गए तमंचे से पुलिस पर फायरिंग की। पुलिस की जवाबी फायरिंग में गौरव के दोनों पैरो में गोली लगी है। एसीपी नंदग्राम जियाउद्दीन ने बताया कि घायल आरोपी को उपचार के लिए जिला अस्पताल गाजियाबाद भेजा गया है। आरोपी से अवैध हथियार और कारतूस बरामद किए गए हैं।

### प्रबंधक अभिषेक का पैतृक गांव में होगा अंतिम संस्कार

**लोनी, यूटर्न/ 18 मार्च।** बॉर्डर थानाक्षेत्र के बलराम नगर कॉलोनी स्थित पंजाब एंड सिंध बैंक के शाखा प्रबंधक अभिषेक शर्मा का अंतिम संस्कार उनके पैतृक गांव में किया जाएगा। मंगलवार सुबह दिल्ली पुलिस ने पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया। परिजन अभिषेक के शव के साथ बिहार के पटना के सालिमपुर थानाक्षेत्र स्थित लखीपुर गांव के लिए रवाना हो गए। वहीं, पुलिस ने बैंक कैशियर कुलदीप की तहरीर पर प्राथमिकी दर्ज कर हत्यारोपी सुरक्षा गार्ड रविंद्र और उसके साथी को कोर्ट ने न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

# साध्वी निरंजन ज्योति बनीं राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग की अध्यक्ष, संभाला पदभार

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 18 मार्च।**




पूर्व केंद्रीय मंत्री और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की नेता साध्वी निरंजन ज्योति को बड़ी जिम्मेदारी सौंपी गई है। उन्हें सरकार की ओर से राष्ट्रीय ओबीसी आयोग की अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इस पर पूर्व सांसद ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त किया है।

साध्वी निरंजन ज्योति ने बुधवार को राष्ट्रीय ओबीसी आयोग की अध्यक्ष का पद ग्रहण किया। उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ ग्रुप फोटो खिंचाई। इसके साथ ही, सभी के साथ एक बैठक भी की।

नवनियुक्त राष्ट्रीय ओबीसी आयोग की अध्यक्ष ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर तस्वीरें शेयर करते हुए लिखा, 'सर्वमंगल मांगल्ये शिवे सर्वार्थ साधिके। शरण्ये त्र्यम्बके गौरी नारायणि नमोस्तुते। नई दिल्ली में राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष का पदभार ग्रहण किया। पिछड़े समाज के सम्मान, अधिकारों की रक्षा और उनके समग्र विकास के लिए समर्पित यह दायित्व प्रदान करने के लिए महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का हृदय से आभार।'

उन्होंने आगे लिखा, 'राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग का यह संकल्प है कि पिछड़े समाज को न्याय, सुरक्षा, सम्मान और विकास के समान अवसर प्राप्त हों। इसी भावना के साथ आयोग कार्य करने के लिए प्रतिबद्ध है।'

बता दें कि साध्वी निरंजन ज्योति केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार के पहले दो कार्यकाल में मंत्री रही हैं। उन्हें 2014 में केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग राज्य मंत्री बनाया गया था। 2019 में दूसरी बार सरकार बनने पर साध्वी निरंजन ज्योति को ग्रामीण विकास मंत्रालय (राज्य मंत्री) की जिम्मेदारी सौंपी गई।

2021 में उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय (राज्य मंत्री) में जिम्मेदारी निभाने का अवसर मिला।

# फरीदाबाद में अस्पताल की लापरवाही बनी जानलेवा, डिलीवरी के बाद गर्भवती महिला की मौत

» **फरीदाबाद, यूटर्न/ 18 मार्च।**

हरियाणा के फरीदाबाद से एक दुखद मामला सामने आया है। फरीदाबाद के बल्लभगढ़ स्थित मिनी खेतरपाल अस्पताल में डिलीवरी के बाद एक गर्भवती महिला की मौत हो गई। मृतक महिला नेहा की उम्र लगभग 31 वर्ष बताई जा रही है। महिला के परिजनों ने अस्पताल प्रशासन पर गंभीर लापरवाही के आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि इलाज में कोताही बरती गई, जिसकी वजह से महिला की जान चली गई। मृतक महिला के पति दीपक




कुमार का कहना है कि उन्होंने अस्पताल में डिलीवरी के लिए अपनी पत्नी को भर्ती करवाया था, जहां उसने डिलीवरी के बाद एक बेटी को जन्म दिया। पति ने आरोप लगाया है कि अस्पताल प्रशासन की तरफ से आए डॉक्टर ने गलत इंजेक्शन दे दिया, जिसके बाद उसके मुंह से झाग आने लगे और फिर तड़प-तड़प कर उसकी मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों में भारी आक्रोश देखा गया। वहीं, पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए शव को कब्जे में लेकर मेडिकल बोर्ड के माध्यम से पोस्टमार्टम करवाया है।

रिपोर्ट के आधार पर पुलिस की ओर से आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। मामले को लेकर पुलिस का कहना है कि जांच के बाद जो भी तथ्य सामने आएंगे, उसी अनुसार जिम्मेदारों पर कार्रवाई की जाएगी।

## बरातघर से लौट रहे युवक को पीटा, ईंट से किया घायल

**लोनी, यूटर्न/ 18 मार्च।** बॉर्डर थानाक्षेत्र स्थित राहुल गार्डन कॉलोनी निवासी ताराचंद से दो युवकों ने शराब के नशे में ईंट मारकर घायल कर दिया। पीड़ित ने पड़ोसी रवि और पवन पर हमला करने का आरोप लगाया है। विवाद चार मार्च को हुआ और पुलिस ने 16 मार्च की रात प्राथमिकी दर्ज करके जांच शुरू की है। ताराचंद ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि चार मार्च की दोपहर करीब एक बजे वह क्षेत्र स्थित बरातघर से घर जा रहे थे। जब वह घर के पास पहुंचे तो पड़ोसी रवि और पवन ने उन्हें रोक लिया। दोनों गाली-गलौज करने लगे और विरोध किया तो आरोपियों ने अभद्रता करते हुए मारपीट शुरू कर दी। पास में पड़ी ईंट से उनके चेहरे पर हमला कर दिया। इसमें उनकी नाक पर गंभीर चोट आई है। शोर मचाने पर जब उनके परिजन मौके पर पहुंचे तो आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। मामले की उन्होंने पुलिस से शिकायत की। एसीपी अंकुर विहार ज्ञान प्रकाश राय ने बताया कि आरोपियों की तलाश की जा रही है। पूर्व में भी विवाद की बात सामने आई है, जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

## दिल्ली के पालम में चार मंजिला इमारत में लगी आग, 25 दमकल गाड़ियों ने पाया काबू



**नई दिल्ली, यूटर्न/ 18 मार्च।** दिल्ली के पालम इलाके में बुधवार को एक चार मंजिला रिहायशी इमारत में भीषण आग लगने से इलाके में अफरा-तफरी मच गई। आग लगने की सूचना मिलते ही दिल्ली अग्निशमन सेवा की टीमें तुरंत मौके पर पहुंचीं और राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया गया। आग इतनी तेज थी कि देखते ही देखते पूरी इमारत धुएं और लपटों से घिर गई। दमकल विभाग के अनुसार, मौके पर आग बुझाने के लिए कुल 25 गाड़ियों को तैनात किया गया है। दमकल कर्मियों ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाने की कोशिश की और धीरे-धीरे स्थिति को नियंत्रण में लाया जा रहा है। आग लगने के कारणों का फिलहाल पता नहीं चल पाया है, लेकिन प्रारंभिक जांच में शॉर्ट सर्किट की आशंका जताई जा रही है। इस हादसे में इमारत के अंदर मौजूद कई लोग धुएं के कारण फंस गए थे। राहत टीमों ने समय रहते लोगों को बाहर निकाला। हालांकि, धुएं की वजह से सांस लेने में दिक्कत होने पर चार लोगों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज जारी है। डॉक्टरों के अनुसार, सभी की हालत फिलहाल स्थिर बताई जा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि आग लगने के बाद इलाके में भगदड़ जैसी स्थिति बन गई थी।

## प्लास्टिक उत्पाद बनाने वाली फैक्टरी में लगी आग

**साहिबाबाद, यूटर्न/ 18 मार्च।** थानाक्षेत्र के मोहन नगर स्थित आनंद इंडस्ट्रियल क्षेत्र में संचालित कृष्णा पॉलीमर्स फैक्टरी में सोमवार देर रात अचानक आग लग गई। हादसा इतना भयंकर था कि आसपास की फैक्टरी से भी श्रमिक व स्थानीय लोग सड़क पर आ गए। मौके पर मौजूद लोगों ने दमकल विभाग और पुलिस को सूचना दी। इसके बाद दमकल काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हालांकि आग लगने के पीछे शार्ट सर्किट माना जा रहा है। मुख्य अग्निशमन अधिकारी राहुल पाल ने बताया कि हादसा 16 मार्च की रात करीब 12 बजे हुआ। सूचना मिलते ही मौके पर दो फायर टेंडर के साथ दमकल टीमों को भेजा गया। फैक्टरी के कुछ हिस्से ऐसे थे जहां तक हौज पाइप बिछाकर आग बुझाने का काम किया। करीब एक घंटे तक दमकल की टीमें आग बुझाती रहीं। सीएफओ ने बताया कि आग को अन्य फैक्टरियों तक पहुंचने से पहले ही बुझाकर काबू कर लिया गया। हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई है। बताया कि फैक्टरी में पुरानी प्लास्टिक को पिघलाकर दाना बनाकर उत्पाद बनाए जाते हैं। शुरूआती जांच में आग शॉर्ट-सर्किट से होने की बात सामने आई है। फैक्टरी मालिक रश्मि गुलाटी भी हादसे की सूचना पर फैक्टरी पहुंची थीं। फैक्टरी में दमकल उपकरण व एनओसी को लेकर जांच की जा रही है।

## मासूम के साथ हुई थी क्रूरता, शरीर पर मिले चोट के 11 निशान

**गाजियाबाद, यूटर्न/ 18 मार्च।** चार वर्षीय बच्ची के अपहरण, दुष्कर्म और हत्या के मामले में पोस्टमार्टम रिपोर्ट ने वारदात की गंभीरता व क्रूरता की पुष्टि की है। रिपोर्ट के अनुसार, बच्ची के सिर पर गंभीर चोटें थीं, जो मौत का कारण बनीं। साथ ही नाजुक अंगों सहित शरीर पर दांतों से काटने व चोट के 11 निशान पाए गए हैं। इस बीच घटना से गुस्साए सैकड़ों लोग मंगलवार को नंदग्राम थाने पहुंचे और आरोपी को कड़ी सजा देने की मांग की। पुलिस अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर लोगों को समझाया और कानून के तहत सख्त कार्रवाई का आश्वासन दिया।

# साधु संतों में गहरा रोष व्याप्त, वर्षों से कर रहे थे मतदान लेकिन उन्हें अब किया जा रहा है मतदान से वंचित



आर्यावर्त साधु समाज एवं भारत साधु समाज की हुई महत्वपूर्ण बैठक

» **अश्विनी वालिया**

कुरुक्षेत्र, यूटर्न/ 18 मार्च। आर्यावर्त साधु समाज के अध्यक्ष एवं भारत साधु समाज के प्रदेश अध्यक्ष महंत बंसी पुरी की अध्यक्षता में कुरुक्षेत्र में एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। अखिल भारतीय श्री मारकंडेश्वर जनसेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष एवं आर्यावर्त साधु समाज के प्रवक्ता महंत जगन्नाथ पुरी ने बताया कि बैठक में महंत भीम पुरी, महंत लक्ष्मी नारायण पुरी, स्वामी महेश पुरी, स्वामी रामनाथ पुरी, स्वामी पृथ्वी पुरी एवं आशुतोष पुरी इत्यादि सहित बड़ी संख्या में साधु संत मौजूद रहे। बैठक में महंत बंसी पुरी ने कहा कि सभी साधु संत भारत वर्ष के नागरिक हैं और देश को मजबूती प्रदान करने में संतों का विशेष योगदान है। साधु संतों को चुनाव आयोग लोकतान्त्रिक प्रक्रिया एवं मतदान से वंचित कर रहा है। उन्होंने बताया कि नई प्रक्रिया के अनुसार देशभर के राज्यों में साधु-संतों को मतदाता सूची (वोटर लिस्ट) में नाम शामिल करने या अपडेट करने में तकनीकी समस्याओं के कारण मतदान से वंचित होने का डर सता रहा है, जिससे उन में भारी रोष व्याप्त है।

# अल्ट्राटेक के नाम से बेचा जा रहा नकली सीमेंट पकड़ा

» **गाजियाबाद, यूटर्न/ 18 मार्च।**

नगर कोतवाली क्षेत्र स्थित क्रॉउन बिस्किट फैक्टरी के बराबर में बने गोदाम में नगर कोतवाली और अल्ट्राटेक सीमेंट कंपनी के प्रतिनिधियों ने छापा मारा। जहां अल्ट्राटेक का मार्का लगाकर नकली सीमेंट बरामद किया गया है। पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली है।

एसीपी नगर कोतवाली उपासना पांडेय ने बताया कि विश्वकर्मा कॉलोनी में रहने वाले संजय कुमार के मुताबिक वह ब्लई स्टेलीसेंस सर्विस प्रालि में सीनियर मैनेजर हैं। अल्ट्राटेक सीमेंट कंपनी ने नकली उत्पादों की रोकथाम और बिक्री बंद कराने के लिए उन्हें नियुक्त किया है। संजय कुमार अपने सहयोगी कमल कुमार के साथ सोमवार की शाम कोतवाली पहुंचे और अल्ट्राटेक के नाम पर नकली सीमेंट बिक्री होने की शिकायत की। टीम उनके साथ भेजी गई।



पुलिस टीम ने क्रॉउन बिस्किट फैक्टरी के बराबर में स्थित एक गोदाम में छापा मारा। यहां से 16 बैग अल्ट्राटेक सीमेंट के ट्रेड वाले मिले। 34 बैग नॉन फॉर रिटेल सेल के बरामद किए गए। इन बैगों पर अल्ट्राटेक कंपनी का नकली मार्का लगा था। मौके पर राजीव कुमार निवासी हौंडा हरबंसपुर खुदागंज शाहजहांपुर नाम का युवक मिला। उसने खुद को गोदाम का कर्मचारी बताया।

# वाहनों का फिटनेस न कराने वाले 33 स्कूल संचालकों से मांगा जाएगा जवाब

» **गाजियाबाद, यूटर्न/ 18 मार्च।**

वाहनों का फिटनेस न कराने वाले 33 स्कूलों को नोटिस जारी करके स्पष्टीकरण मांगा जाएगा। मंगलवार को कलक्ट्रेट में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी नगर विकास कश्यप ने डीआईओएस को यह निर्देश दिए। वाहनों का फिटनेस ना होने पर नाराजगी जाहिर करते हुए उन्होंने कहा कि सभी स्कूल संचालकों से यह स्पष्टीकरण लिया जाए कि वाहनों की फिटनेस क्यूं नहीं कराई गई है और अभी तक नोडल नियुक्त क्यों नहीं हुए हैं। इसके अलावा उन्होंने जनपद में चिह्नित 18 ब्लैक स्पॉट पर सड़क सुरक्षात्मक कार्य जल्द पूरा कराने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि क्षतिग्रस्त डिवाइडर, रेलिंग की मरम्मत करायी जाये इससे सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके। विभागों को राहवीर योजना का प्रचार-प्रसार करने के भी निर्देश दिए। इसके तहत सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को अस्पताल में भर्ती करने वाले व्यक्ति को प्रोत्साहन राशि के रूप में 25000 दिये जाएंगे। इस दौरान एआरटीओ मनोज मिश्रा, एसीपी यातायात अजय कुमार, ट्रक यूनियन के महामंत्री अमित शर्मा सहित अन्य मौजूद रहे।

# पत्रकारिता लोकतंत्र का चौथा स्तंभ भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में निभाएगा अपनी अहम भूमिका : संजीव गंगवा



» राजेश सलूजा

हरियाणा, यूटर्न/ 18 मार्च। हरियाणा सरकार के लोकनिर्माण विभाग एवं जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर सिंह गंगवा के सुपुत्र एवं जिला प्रभारी भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा डबवाली संजीव गंगवा ने बरवाला शहर के सभी पत्रकारों को हरियाणा विधानसभा में ले जाकर बजट सत्र की कार्यवाही का लाइव प्रसारण दिखाया। इससे पूर्व उन्होंने अपने आवास पर सभी पत्रकारों को भोजन हेतु आमंत्रित किया। इस अवसर पर जिला प्रभारी युवा मोर्चा डबवाली संजीव गंगवा ने सभी पत्रकारों को कलम और डायरी भेंट कर सम्मानित किया तथा हरियाणा के बजट से जुड़ी महत्वपूर्ण बातों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का बजट प्रदेश के सर्वांगीण विकास, किसानों, युवाओं और आमजन के हितों को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है। संजीव गंगवा ने कहा कि पत्रकार लोकतंत्र का चौथा स्तंभ हैं और समाज को सही दिशा देने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका होती है। पत्रकार निष्पक्षता और जिम्मेदारी के साथ समाज की आवाज को सरकार और प्रशासन तक पहुंचाने का कार्य करते हैं। उन्होंने कहा कि मीडिया समाज में जागरूकता फैलाने के साथ-साथ जनहित के मुद्दों को प्रमुखता से उठाकर लोकतंत्र को मजबूत बनाने का काम करता है। इस अवसर पर पूर्व चेयरमैन सतबीर वर्मा एवं पूर्व चेयरमैन रणधीर सिंह धीरू ने सभी पत्रकारों का स्वागत किया और उनके कार्य की सराहना की। कार्यक्रम में पूर्व आईपीएस दलबीर भारती, पूर्व पार्षद सुंदर गोयल, प्रवीण बंसल, विनोद मित्तल, जिला आईटी सह प्रमुख भाजपा कमल हंदूजा, जिला आईटी टोली सदस्य शुभम मदान एवं तरसेम पूनिया तथा मंडल मीडिया प्रभारी राजेश सलूजा, कपिल मेहता, संजय गिरधर, कृष्ण सलूजा, वीरेंद्र सोनी, राजकुमार सरदाना, गणेश वलेचा, मनु, सतबीर चहल, अंग्रेज बुरा, राहुल भुक्कल, सौरभ मित्तल, कृष्ण सलूजा, कुलदीप पूनिया, अनूप कुंडू, जितेंद्र कुमार, विनोद भारती, मंडल महामंत्री मिलगेट आशीष जांगड़ा सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।



## निलंबन हटने के बाद कांग्रेस के सांसदों से मिले राहुल गांधी, चाय पर की चर्चा

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 18 मार्च।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने बुधवार को एक अनौपचारिक मुलाकात में अपने उन साथी सांसदों से संवाद किया जिनका निलंबन हाल ही में खत्म किया गया है। इस दौरान उन्होंने उनके साथ चाय-कॉफी पर बातचीत की और पूरे मामले को लेकर विस्तार से चर्चा की। यह मुलाकात उस फैसले के एक दिन बाद हुई, जब लोकसभा में संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू के प्रस्ताव के बाद कांग्रेस के आठ सांसदों का निलंबन वापस ले लिया गया। इससे पहले बजट सत्र के दौरान हुए हंगामे को लेकर कांग्रेस नेतृत्व ने खेद जताया था जिसके बाद यह फैसला लिया गया। बताया जा रहा है कि इस बैठक में राहुल गांधी ने सभी सांसदों से उनके निलंबन के दौरान हुए घटनाक्रम के बारे में जानकारी ली। सांसदों ने भी उन्हें विस्तार से बताया कि उस दौरान सदन में क्या-क्या हुआ और किस तरह की स्थिति बनी थी। जिन सांसदों का निलंबन हटाया गया है उनमें अमरिंदर सिंह राजा वारिंग, मणिकम टैगोर, गुरजीत सिंह औजला, हिबी ईडन, सी किरण कुमार रेड्डी, प्रशांत यदाओराव पाडोले, एस. वेंकटेश और डीन कुरियाकोस शामिल हैं। ये सभी सांसद 3 फरवरी को बजट सत्र के दौरान हंगामे के आरोप में सस्पेंड किए गए थे।

## संक्षिप्त खबरें



### दिल्ली में फर्जी पुलिस बनकर साइबर ठगी करने वाले गैंग का भंडाफोड़, तीन गिरफ्तार

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 18 मार्च।** बाहरी दिल्ली क्षेत्र की साइबर पुलिस ने एक बड़े ह्यडिजिटल अरेस्ट' इम्पसोनेशन साइबर फ्रॉड का पदार्फाश करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इस पूरे मामले में एक व्यक्ति से करीब 14.20 लाख रुपये की ठगी की गई जबकि ठगी के लिए जिस बैंक खाते का इस्तेमाल हुआ उसमें कुल लेनदेन करीब 2.20 करोड़ रुपए है। 21 फरवरी को पश्चिम विहार निवासी सत्यपाल गुप्ता ने पुलिस में शिकायत दी कि उन्हें एक अनजान नंबर से व्हाट्सऐप कॉल आया था। कॉल करने वाले ने खुद को एक सीनियर पुलिस अधिकारी बताया और कहा कि उनके बैंक खाते मनी लॉन्ड्रिंग में शामिल हैं और जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा। इस तरह की बातों से शिकायतकर्ता बुरी तरह डर गए और घबराहट में आकर उन्होंने आरोपी द्वारा बताए गए बैंक खाते में 14 लाख 20 हजार रुपए ट्रांसफर कर दिए। बाद में जब उन्हें एहसास हुआ कि उनके साथ ठगी हुई है, तो उन्होंने तुरंत पुलिस से संपर्क किया।

### पब्लिसिटी के लिए रची फर्जी फायरिंग, दिल्ली पुलिस ने तीनों आरोपियों को दबोचा

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 18 मार्च।** आउटर दिल्ली के पश्चिम विहार ईस्ट में हुई फायरिंग के मामले में चौंकाने वाला खुलासा है। पश्चिम विहार ईस्ट और स्पेशल स्टाफ की टीम ने जांच के दौरान पाया कि यह पूरा मामला ही झूठा है। पुलिस ने मामले में शिकायतकर्ता समेत 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। बताया जा रहा है कि यह गिरोह फायरिंग की झूठी कहानी रचकर फाइनेंसरों के पैसे हड़पने की कोशिश में था, लेकिन पश्चिम विहार ईस्ट और स्पेशल स्टाफ की टीम ने इस मामले में खुलासा करते हुए गिरोह के तीनों सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया है। अब पुलिस मामले में आगे की वैधानिक कार्रवाई कर रही है। पुलिस ने बुधवार को प्रेस नोट जारी कर बताया कि पश्चिम विहार ईस्ट में फायरिंग का झूठा मामला रचा गया था।

# ओ.एस.जी.यू में भारतीय प्रतिभूति बाजार और धोखाधड़ी रोकथाम पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

» **हरियाणा, यूटर्न/ 18 मार्च।**



ओम स्टर्लिंग ग्लोबल विश्वविद्यालय के कॉमर्स एवं मैनेजमेंट विभाग द्वारा विद्यार्थियों के लिए ह्यभारतीय प्रतिभूति बाजार और निवेश सुरक्षा' विषय पर एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को शेयर बाजार की बारीकियों से अवगत कराना और ऑनलाइन वित्तीय धोखाधड़ी से बचने के उपाय सिखाना था। विश्वविद्यालय के चांसलर डॉ. पुनीत गोयल और प्रो-चांसलर डॉ. पूनम गोयल ने अपने संदेश के माध्यम से इस पहल की सराहना की। उन्होंने कहा कि युवाओं के लिए वित्तीय साक्षरता आज के समय की सबसे बड़ी जरूरत है ताकि वे सुरक्षित भविष्य का निर्माण कर सकें। कार्यक्रम के दौरान प्रतिकुलपति डॉ. राजेंद्र सिंह छिल्लर और रजिस्ट्रार डॉ. सत्यवीर सिंह विशेष रूप से मौजूद रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि किताबी ज्ञान के साथ-साथ व्यावहारिक ज्ञान होना अनिवार्य है, विशेषकर जब बात निवेश और धन प्रबंधन की हो। डॉ छिल्लर ने प्रेरित करते हुए कहा कि धोखाधड़ी होने से पहले ही जागरूक होना समझदारी है। इसलिए जरूरी है कि किसी भी अनजान लिंक या पीडीएफ को ओपन न करे। कार्यक्रम में विषय विशेषज्ञों के रूप में श्री अरुण पुनिया, एस.एम ट्रेनर, श्री संदीप पुरी और सुश्री पद्मा अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और छात्रों को प्रेरित किया। उन्होंने भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (रएइक) की कार्यप्रणाली और निवेशकों के अधिकारों के बारे में विस्तार से बताया। इसी के साथ डीमैट खातों और डिजिटल निवेश की सुरक्षा पर प्रकाश डाला। आए हुए विशेषज्ञों ने अपने अनुभवों के आधार पर विद्यार्थियों को निवेश के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में जागरूक किया। कॉमर्स विभाग के डीन डॉ. कुलदीप सिंह ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कार्यक्रम के महत्व पर जोर दिया। इस सेमिनार में विभाग के सभी विद्यार्थियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। इस अवसर पर विभाग के सभी शिक्षक गण भी मौजूद रहे, जिन्होंने कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने विशेषज्ञों से प्रश्न पूछकर अपनी शंकाओं का समाधान किया और सीखा कि किस प्रकार वे विभिन्न प्रकार के वित्तीय घोटालों से खुद को और अपने परिवार को सुरक्षित रख सकते हैं।

# अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन का सर्वसम्मति से गोपाल शरण गर्ग के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने पर हरियाणा के अग्रवाल समाज में खुशी की लहर




» **कुरुक्षेत्र, यूटर्न/ 18 मार्च।**

अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन की महत्वपूर्ण बैठक अग्र विभूति स्मारक अग्रोहा में हुई। जिसमें अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन का सर्वसम्मति से गोपाल शरण गर्ग को 5 वर्ष के लिए राष्ट्रीय अध्यक्ष चुना गया। संस्था के राष्ट्रीय संगठन मंत्री खरैती लाल सिंगला ने बताया कि गोपाल शरण गर्ग के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने पर हरियाणा के अग्रवाल समाज में खुशी की लहर है। उन्होंने बताया कि अग्र विभूति स्मारक अग्रोहा में हुई बैठक में उनके साथ पंचकूला के मेयर एवं प्रदेश अध्यक्ष कुलभूषण गोयल, प्रदेश उपाध्यक्ष विशाल सिंगला, कुरुक्षेत्र जिला अध्यक्ष नवीन सिंगला, पियूष बंसल, ओडिसा के प्रधान ओम प्रकाश बापोड़िया, विनोद अग्रवाल सूरत, प्रमोद मित्ताल मुजफरनगर, सुरेंद्र गुप्ता पंजाब, चांदमल अग्रवाल विशाखापट्नम, कुरुक्षेत्र महिला जिला अध्यक्ष उर्मिल अग्रवाल, कमलेश लाडवा, निशा तायल सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग मौजूद रहे। कुरुक्षेत्र इकाई ने गोपाल शरण गर्ग को पुनः अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन का राष्ट्रीय अध्यक्ष चुने जाने पर लड्डू बांटे गए। कुरुक्षेत्र पहुंचने पर खरैती लाल सिंगला ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल शरण गर्ग वर्षों से अग्रवाल समाज को मजबूत करने का कार्य कर रहे हैं। समस्त अग्रवाल समाज को उनके अनुभव, मार्गदर्शन और दूरदर्शिता पर पूर्ण विश्वास है। उनके पुनः राष्ट्रीय नेतृत्व संभालने से समाज में नई ऊर्जा, एकता और प्रगति का मार्ग और अधिक सशक्त होगा।

# कार्यकताओं की बदौलत भाजपा बनी विश्व की सबसे बड़ी पार्टी : सुरेन्द्र पूनिया




## पार्टी कार्यालय में भाजपा की संगठनात्मक विषयों पर बैठक का आयोजन

**हरियाणा, यूटर्न/ 18 मार्च।** भाजपा जिला कार्यालय में संगठनात्मक विषयों पर बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में प्रदेश महामंत्री सुरेन्द्र पूनिया मुख्य वक्ता रहे जबकि बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष डॉ. आशा खेदड़ ने की। बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता सुरेन्द्र पूनिया ने कहा कि कार्यकर्ता संगठन की जान होते हैं। कार्यकताओं की मजबूती से ही छोटे से लेकर बड़ा चुनाव जीता जाता है। भारतीय जनता पार्टी का एक-एक कार्यकर्ता पार्टी व देश के प्रति समर्पित है और यही कारण है कि भाजपा आज विश्व की नंबर वन पार्टी बन चुकी है। उन्होंने कार्यकताओं से आ'ान किया कि वे नए कार्यकताओं को भी जोड़ें और केन्द्र व प्रदेश सरकार की जन कल्याणकारी नीतियों का प्रचार-प्रसार करें। जिला अध्यक्ष डॉ. आशा खेदड़ ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि कार्यकताओं की सक्रियता की वजह से हिसार जिले में पार्टी का मजबूत संगठन है। पार्टी की ओर से जो भी कार्य सौंपे जाते हैं, उन कार्यों को कार्यकर्ता पूरी निष्ठा से पूरा करते हैं। जिला मीडिया प्रभारी राजेन्द्र सपड़ा ने बताया कि बैठक में पहुंचने पर जिला अध्यक्ष डॉ. आशा खेदड़ ने प्रदेश महामंत्री सुरेन्द्र पूनिया का स्वागत किया।

इस अवसर पर उपरोक्त के अलावा मेयर प्रवीण पोपली, पूर्व मंत्री अनूप धानक, प्रवीण जैन, सरोज सिहाग, सुशील बाल्यान, नरेश नैन, जिला उपाध्यक्ष मुनीश ऐलावादी, सतीश सुरलिया, कोषाध्यक्ष अशोक मित्तल, सुरेन्द्र सैनी, संदीप गोयल, मीडिया प्रभारी राजेन्द्र सपड़ा, कुलदीप डेलू, विक्रम कासनियां, राजकुमार इंदौरा, अजय बैनीवाल, रामचंद्र गुप्ता, घनश्याम शर्मा, दयानंद, चेयरमैन अजय गावड़, रविंद्र मलिक, डॉ. दिव्या सेठी, रवीना, पिंकी शर्मा, पार्षद राजेश अरोड़ा, उमेद खन्ना, धर्मवीर पानू, मोहन लाल नंगथला, जोगीराम खुंडिया, अनिल गोदारा, जितेन्द्र व डॉ. रमेश आर्य सहित अनेक पदाधिकारी शामिल रहे।

यूटर्न टाइम THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA

संक्षिप्त खबरें

## डीएमई पर खड़े ट्रक में घुसी एंबुलेंस, चालक की मौत

**गाजियाबाद, यूटर्न/ 18 मार्च।** दिल्ली के वेदांता अस्पताल की एंबुलेंस सोमवार देर रात दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे (डीएमई) पर खड़े ट्रक से पीछे से टकरा गई। हादसा रात करीब एक बजे बम्हेटा के सामने हुआ। दुर्घटना में एंबुलेंस चालक की मौत हो गई। एसीपी वेव सिटी प्रियाश्री पाल ने बताया कि दिल्ली की ओर जाने वाली लेन में एक ट्रक खड़ा था। इसी दौरान तेज रफ्तार से आ रही बिना नंबर प्लेट की एंबुलेंस ट्रक में पीछे से जा भिड़ी। टक्कर इतनी भीषण थी कि एंबुलेंस के परखच्चे उड़ गए और चालक अंकित कुमार (22) निवासी न्यू अशोक नगर (दिल्ली) गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस उसे संजय नगर स्थित संयुक्त अस्पताल लेकर गई, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। भाई उमेश कुमार ने बताया कि अंकित वेदांता अस्पताल की एंबुलेंस किराये पर चलाता था। सोमवार को वह मरीज को लेकर उत्तराखंड गया था और लौटते समय हादसे का शिकार हो गया। एंबुलेंस में वह अकेला था। अंकित मूल रूप से इटावा जिले के थाना सैफई क्षेत्र के ग्राम भाला शैइया का रहने वाला था।

## यमुना पर बनेगा ब्रिज, आज रद्द रहेंगी कई ट्रेनें

**गाजियाबाद, यूटर्न/ 18 मार्च।** यमुना पर ब्रिज बनाने के चलते रेलवे प्रशासन ने आज 21 ट्रेनों को रद्द करने का निर्णय लिया है। इससे लोकल और दूरदराज का सफर करने वाले यात्रियों को परेशानी झेलनी होगी। निर्माण कार्य आगे भी जारी रहेगा। इसलिए भविष्य में भी कुछ ट्रेनों को रद्द करने का निर्णय लिया जा सकता है। अन्य ट्रेनों को रूट डायवर्ट कर चलाया जाएगा। रेलवे प्रशासन ने यात्रियों से सहयोग करने की अपील की है।

# द्वारका पुलिस की बड़ी सफलता, नजफगढ़ और छावला का सक्रिय चोर गिरफ्तार

**» द्वारका, यूटर्न/ 18 मार्च।**



द्वारका जिले की एंटी-बर्गलरी सेल की टीम ने नजफगढ़ और छावला इलाके में सक्रिय एक चोर को पकड़ लिया है। आरोपी का नाम प्रिंस कुमार है, उम्र 22 साल, पिता का नाम सतृघन राय है। पुलिस ने उसके कब्जे से दो चोरी किए गए मोबाइल, एक चांदी की पायल, एक चोरी की मोटरसाइकिल और कुछ रेड बुल एनर्जी ड्रिंक्स बरामद किए हैं।

द्वारका पुलिस द्वारा बुधवार को जारी प्रेस नोट के अनुसार, शिकायतकर्ता योगेश कुमार (पुत्र सतवीर, निवासी गौशाला नंबर 2, गली नंबर 1, मकसूदाबाद कॉलोनी, नजफगढ़, दिल्ली) ने अपने घर में चोरी की एक घटना की सूचना दी थी। यह घटना तब हुई जब वे 3 मार्च से 8 मार्च तक शहर से बाहर थे। चोरों ने उनके घर से बर्तन, नकदी, सोने की चेन और चांदी की पायल चुरा ली थी।

इस मामले में नजफगढ़ पुलिस स्टेशन में ई-एफआईआर दर्ज किया गया। टीम ने द्वारका डीसीपी कुशल पाल सिंह (आईपीएस) के निर्देश पर हर चोरी की जगह का दौरा किया। इंस्पेक्टर विवेक मैंदोला की अगुवाई में एंटी-बरग्लरी सेल की टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और 8 दिनों तक सीसीटीवी फुटेज का विश्लेषण किया। फुटेज में दो मास्क पहने व्यक्ति दिखे, जो 7-8 मार्च की रात शिकायतकर्ता के घर में घुसते हैं लेकिन बाहर

**□ इंस्पेक्टर विवेक मैंदोला की अगुवाई में एंटी-बरग्लरी सेल की टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और 8 दिनों तक सीसीटीवी फुटेज का विश्लेषण किया।**

निकलते नहीं दिखे। टीम ने देखा कि घर के पीछे गौशाला है और वहां काम करने वाले श्रमिकों से फुटेज दिखाकर पूछताछ की। एक श्रमिक ने प्रिंस कुमार को पहचान लिया।

इसके बाद टीम ने प्रिंस कुमार पर तकनीकी और मैनुअल नजर रखी और रानहोला, मोहन गार्डन, छावला और नजफगढ़ में कई छापेमारी की। 13 मार्च को सूचना मिली कि प्रिंस कुमार चोरी की मोटरसाइकिल पर यूईआर-क्क गोयला गांव, दिल्ली आएगा। टीम ने जाल बिछाया और उसे पकड़ लिया। गिरफ्तारी के दौरान उसके पास से दो चोरी किए मोबाइल, एक जोड़ी चांदी की पायल, छह रेडबुल और एक चोरी की स्प्लेंडर मोटरसाइकिल बरामद हुई।

पुलिस पूछताछ में प्रिंस कुमार ने बताया कि उसका परिवार बिहार के कल्याणपुर जिले का है। उसके चार भाई हैं। पिता नजफगढ़ की गौशाला में मजदूरी करते हैं और मां नौकरानी का काम करती हैं। प्रिंस खुद 2021 में दिल्ली आया और दैनिक मजदूरी करने लगा। इसी दौरान वह बुरी संगत में आया और नशे का आदि हो गया। नशे की लत के कारण उसने चोरी की ओर रुख किया।

पुलिस ने प्रिंस कुमार को गिरफ्तार किया और उसके खिलाफ पहले से दर्ज घर चोरी के एक मामले समेत कुल सात मामले सुलझाए। बरामद सामान में 2 मोबाइल, एक जोड़ी चांदी की पायल, 6 रेडबुल और एक स्प्लेंडर मोटरसाइकिल शामिल हैं।

## सड़क हादसे में घायल, 13 दिन से वेंटिलेटर पर, प्राथमिकी दर्ज

**» खोड़ा, यूटर्न/ 18 मार्च।**

थानाक्षेत्र स्थित लेबर चौक के पास तीन मार्च को हुए सड़क हादसे में घायल होने वाले गली नंबर 205 निवासी शुभम चौधरी की हालत गंभीर बनी हुई है। हादसे के 13 दिन बाद भी उन्हें होश नहीं आया है और उन्हें वेंटीलेटर पर रखा गया है। वहीं, हादसे के 13 दिन बाद शुभम की मां प्रेमवती की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू की है।

प्रेमवती ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बेटे शुभम की लेबर चौक पर दुकान है। तीन मार्च को वह स्कूटी से दुकान की तरफ जा रहा था। किसी कार्य के चलते वह सड़क किनारे स्कूटी रोककर खड़े थे और उसी समय एक तेज रफ्तार कार ने उनके बेटे को टक्कर मार दी। चालक नशे में बताया जा रहा है।

हादसे में वह बुरी तरह घायल हो गया और लोगों ने पुलिस की मदद से निजी अस्पताल में भर्ती कराया। अस्पताल से उनके पास हादसे की खबर आई। वह अस्पताल पहुंची तब डॉक्टरों ने बताया कि सिर की गंभीर चोट है और बड़ा आपरेशन करना होगा। इसके बाद वह बेटे को रेफर करा दिल्ली एम्स ले गईं। यहां सर्जरी हुई लेकिन बेटे को होश नहीं आया। बताया कि 13 बाद चिकित्सकों ने उसे वेंटिलेटर पर रखा है। इसके बाद उन्होंने पुलिस से शिकायत की। एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि कार का नंबर ट्रेस कर लिया गया है। जल्द ही चालक और उसके साथ मौजूद लोगों को गिरफ्तार कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## कराटे बेल्ट अपग्रेड परीक्षा में शामिल हुए 25 खिलाड़ी

**इंदिरापुरम, यूटर्न/ 18 मार्च।** कराटे बेल्ट अपग्रेड परीक्षा में विभिन्न आयु वर्ग के 25 खिलाड़ियों ने भाग लिया। परीक्षा, नीति खंड एक के इंदिरापुरम कराटे स्कूल में सोमवार को हुई। बेल्ट परीक्षा के दौरान खिलाड़ियों की ओरल परीक्षा, कीहोन, काता, कुमिते व प्रैक्टिकल के मूल्यांकन पर किया गया। इसके बाद योग्य खिलाड़ियों की बेल्ट अपग्रेड की गई। इंदिरापुरम कराटे स्कूल के अध्यक्ष मुख्य कोच पुष्पेंद्र सिंह रावत ने बताया कि परीक्षा में 30 साल आयु वर्ग के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। इससे कराटे के प्रति लोगों में रुझान बढ़ावे को दशार्ता है। बेल्ट टेस्ट में शिवन्या गुसाईं, नमस्वी ठाकुर, तनुष माथुर, अश्विक अग्रवाल, इवान शर्मा और भार्गव दुबे को येलो बेल्ट, अमायरा गोयंका, वंश भंडारी, अक्षिता वर्मा, आयुष सिंह, अदविक सिंह पाल, साम्या पाल, गायत्री भान व रियांश चौबे को ऑरेंज बेल्ट और रूद्र शर्मा, आदि शुक्ला और आश्रिया रावत को ग्रीन-1 बेल्ट, वेदांगी दूबे, ईवा गुप्ता और ख्याति गुप्ता को ग्रीन-2 बेल्ट, अर्शी को ब्लू-2, आयांश राज सिंह और सात्विक रावत को ब्राउन-1, तुविक्श पोशीना और पुर्वित गुरियान को को ब्राउन-2, जीवितेश बिष्ट को ब्राउन-3 बेल्ट से सम्मानित किया गया।

## यूपीसीडा 41.67 करोड़ से संवारेगा साइट-4 की सूरत




**साहिबाबाद, यूटर्न/ 18 मार्च।** औद्योगिक क्षेत्र साइट-4 के उद्यमियों की समस्याओं को दूर करने के लिए यूपीसीडा ने 41.68 करोड़ रुपये के विकास कार्य के लिए टेंडर्स निकाल दिए हैं। इस राशि में साइट-4 की सड़क-नालों, सौर उर्जा और रोड नंबर-6 आदि की सड़कों को बनाया जाएगा। परियोजना में रोड नंबर-6, सौर ऊर्जा मार्ग, थाना लिंक रोड समेत कई प्रमुख मार्गों पर काम किया जाएगा। इसके अलावा प्लॉट नंबर इ/57 से 40/4, 41/1 से 50/1, 49/34 से रोड नंबर-2 तक के मार्ग, रोड नंबर-18, रोड नंबर-33, अ-42 सब-डिवीजन की सड़क और सब-डिवीजन 38 (पार्ट) की सड़कों को भी बनाया जाएगा। आवश्यक स्थानों पर नालों का निर्माण कर जल निकासी व्यवस्था को दुरुस्त किया जाएगा। अधिकारियों ने बताया कि परियोजना को स्वीकृति मिल चुकी है और टेंडर प्रक्रिया चल रही है। इसके बाद निर्माण कार्य शुरू कराया जाएगा।

## छत का प्लास्टर गिरने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल

**इंदिरापुरम, यूटर्न/ 18 मार्च।** जयपुरिया सनराइज ग्रीस प्लाजा स्थित दुकान के अंदर मंगलवार को छत का प्लास्टर गिरने का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसे शेयर कर लोगों ने बिल्डर से मरम्मत करने की मांग की है। पहले भी लोगों ने बिल्डर से मरम्मत कराने की मांग की थी, लेकिन कोई कार्य नहीं किया। बिल्डर की लापरवाही के चलते मरम्मत न कराने के कारण छत का प्लास्टर गिर गया। हालांकि संवाद न्यूज एजेंसी इस वीडियो की पुष्टि नहीं करती है।

## बुजुर्ग महिला से बाइक सवार बदमाशों ने लूटे कुंडल



**» साहिबाबाद, यूटर्न/ 18 मार्च।**

शालीमार गार्डन थानाक्षेत्र स्थित बुध बाजार के पास 74 वर्षीय गोमती यादव से बाइक सवार दो बदमाशों ने कुंडल लूट लिए। इस दौरान बुजुर्ग का कान भी फट गया और कई टांके उनकों लगे हैं। वारदात 11 मार्च की सुबह करीब नौ बजे हुई। महिला के पति धनराज सिंह यादव ने पुलिस से तहरीर देकर शिकायत की है। हालांकि अभी रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई है।

धनराज की ओर से पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 11 मार्च की सुबह उनकी पत्नी गोमती बुध बाजार रोड पर गई थीं। रास्ते में बाइक सवार दो बदमाशों ने झपट्टा मारकर कुंडल लूट तो उनकी पत्नी गोमती का एक कान भी फट गया। घटना के बाद बदमाश भाग गए। गोमती के कान से खून निकला तो राहगीरों ने तुरंत उनको पास के अस्पताल पहुंचाया। वहां डॉक्टरों ने गोमती के कान में टांके लगाए और प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया। वारदात के दिन वह अपने पैतृक गांव गए हुए थे। मंगलवार को वह गांव से लौटे और तहरीर लेकर थाने पहुंचे।

### रिपोर्ट दर्ज करने से किया इन्कार

बुजुर्ग धनराज के परिचित शालीमार गार्डन निवासी प्रमोद जोशी ने बताया कि घटना की तहरीर लेकर थाने पहुंचे तो वहां पर शिकायत ली ही नहीं। इसके बाद जब आला अधिकारियों के पास जाने की बात कही तो उप निरीक्षक ने तहरीर लेकर घटनास्थल का मुआयना किया। हालांकि रिपोर्ट अभी भी दर्ज नहीं की है और न ही लुटेरों को पकड़ने के लिए कोई कार्रवाई शुरू की है।

जांच कर रहे उप निरीक्षक व उनकी टीम ने घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू कर दी है। सर्विलांस टीम ट्रेस कर रही है। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

अतुल कुमार सिंह, एसीपी शालीमार गार्डन

## दिल्ली पुलिस में तैनात दंपती पर हमले का आरोप, दी तहरीर

**साहिबाबाद, यूटर्न/ 18 मार्च।** टीला मोड़ थानाक्षेत्र के इंद्रप्रस्थ आवासीय योजना निवासी पंकज ने सोसायटी के ही निवासी और दिल्ली पुलिस के कर्मचारी पर मारपीट का आरोप लगाया है। पहरी बार विवाद 12 मार्च की रात सोसायटी पार्किंग में गाड़ी खड़ी करने को लेकर हुआ। जबकि 15 मार्च को पंकज व उनके बहनोई रजत पर जानलेवा हमला करने का आरोप है। विवाद की एक सीसीटीवी कैमरा फुटेज भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। हालांकि अमर उजाला इस वीडियो की पुष्टि नहीं करता। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू की है। पुलिस को दी तहरीर में पंकज ने बताया कि 12 मार्च की रात आरोपी ने उनकी कार को पीछे से टक्कर मार दी। जब उन्होंने इसका विरोध किया तो आरोपी ने उनसे हाथापाई शुरू कर दी। बताया कि कुछ देर बाद आरोपी एक पत्थर लाया और उनके भाई धनेश के सिर पर मारकर उनको घायल कर दिया। वह टीला मोड़ थाने पहुंचे और शिकायत की। हालांकि दोनों पक्षों के लोगों ने समझौता करा दिया।

## पालम में आगजनी की घटना पर सीएम रेखा गुप्ता ने जताया दुख, अब तक छह लोगों की मौत

**» नई दिल्ली, यूटर्न/ 18 मार्च।**

दिल्ली के पालम इलाके में बुधवार को एक चार मंजिला रिहायशी इमारत में भीषण आग लग गई। इस हादसे में अब तक छह लोगों के मारे जाने की आशंका है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने इस घटना पर गहरा दुख जताया और इमारत के अंदर फंसे हुए लोगों को बाहर निकालने के लिए उचित कार्रवाई और हर संभव मदद का भरोसा दिलाया।

सीएम रेखा गुप्ता ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर पोस्ट कर लिखा, 'पालम स्थित एक बहुमंजिला आवासीय इमारत में आग लगने की दुर्भाग्यपूर्ण घटना के बारे में जानकर अत्यंत दुख हुआ। मिली जानकारी के अनुसार, इस घटना में 6 लोगों के मारे जाने की आशंका है, जबकि कुछ लोग अभी भी इमारत के अंदर फंसे हुए हैं। जिला प्रशासन, दिल्ली




अग्निशमन सेवा विभाग और दिल्ली पुलिस मिलकर बचाव अभियान का नेतृत्व कर रहे हैं। इस घटना की जांच के लिए एक मजिस्ट्रियल जांच के आदेश दिए गए हैं। सभी की सुरक्षा के लिए प्रार्थना करती हूं।'

बता दें कि पालम में बुधवार सुबह 7:04 बजे राम मार्केट में स्थित चार मंजिला इमारत में आग लग गई। यह इमारत राजेंद्र कश्यप का है, जिसमें बेसमेंट, ग्राउंड और पहली मंजिल पर उनका कपड़े और कॉस्मेटिक का शोरूम था और दूसरी-तीसरी मंजिल पर उनका परिवार रहता था। जैसे ही आग की सूचना पालम गांव थाने को मिली, एसएचओ और उनकी टीम तुरंत मौके पर पहुंच गए। बचाव अभियान में अब तक 10 लोगों को सुरक्षित निकाला जा चुका है और उन्हें पास के अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। लेकिन, अफसोस की बात यह है कि मणिपाल अस्पताल में 6 लोगों की मौत हो गई। इनमें प्रवेश (35 साल), कमल (40 साल), आशु (32 साल) और तीन नाबालिग लड़कियां (12, 6 और 5 साल) शामिल हैं। वहीं आईजीआई अस्पताल में एक महिला (38 साल) की मौत हुई और एक पुरुष (40 साल) और 2 साल की लड़की का इलाज चल रहा है।

## नई बीएमडब्ल्यू एम 1000 आर सुपरस्पोर्ट रोडस्टर लॉन्च



» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 18 मार्च।** भारतीय बाजार में बीएमडब्ल्यू मोटोराड ने अपनी हाई-परफॉर्मेंस 'एम' सीरीज का विस्तार करते हुए नई बीएमडब्ल्यू एम 1000 आर सुपरस्पोर्ट रोडस्टर लॉन्च कर दी है। कंपनी के अनुसार देशभर के अधिकृत डीलरशिप पर इसकी बुकिंग शुरू हो चुकी है और ग्राहकों को इसकी डिलीवरी मई 2026 से मिलनी शुरू हो जाएगी। इस दमदार सुपरबाइक की एक्स-शोरूम कीमत 33.50 लाख रुपये तय की गई है। डिजाइन के मामले में यह बाइक बेहद आकर्षक और आक्रामक लुक के साथ पेश की गई है। इसका स्टाइल काफी हद तक बीएमडब्ल्यू की लोकप्रिय आरआर सुपरबाइक्स से प्रेरित है। बाइक के फ्रंट में नई डुअल-फ्लो एलईडी हेडलाइट दी गई है, जो इसे अलग पहचान देती है। इसके साथ ही इसमें दिए गए 'एम विंगलेट्स' हाई स्पीड पर बाइक की स्थिरता बढ़ाने में अहम भूमिका निभाते हैं। कंपनी के मुताबिक 220 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार पर ये विंगलेट्स अगले पहिए पर करीब 11 किलोग्राम तक अतिरिक्त डाउनफोर्स पैदा करते हैं, जिससे बाइक तेज गति पर भी सड़क से मजबूती से जुड़ी रहती है। परफॉर्मेंस के लिहाज से इस बाइक में 999सीसी का वॉटर-कूल्ड इनलाइन फोर-सिलेंडर इंजन दिया गया है, जिसे ट्रैक-फोकस्ड ट्यूनिंग के साथ तैयार किया गया है। यह इंजन 13,750 आरपीएम पर 210 बीएचपी की पावर और 113 एनएम का टॉर्क जनरेट करता है। बाइक मात्र 3.2 सेकंड में 0 से 100 किमी प्रति घंटे की रफ्तार पकड़ सकती है और इसकी टॉप स्पीड लगभग 280 किमी प्रति घंटा है। फीचर्स के तौर पर इसमें 6.5 इंच का टीएफटी डिस्प्ले, कई राइडिंग मोड्स, एडाप्टिव एलईडी लाइटिंग, क्रूज कंट्रोल, हीटेड ग्रिप्स और पिट-लेन लिमिटर जैसे आधुनिक विकल्प दिए गए हैं, जो इसे ट्रैक और सड़क दोनों के लिए खास बनाते हैं इसमें बीएमडब्ल्यू की 'शिफ्टकैम' तकनीक दी गई है, जो कम और ज्यादा दोनों स्पीड पर बेहतर प्रदर्शन सुनिश्चित करती है।

## संक्षिप्त खबरें

### 80,800 मिट्रिक टन कच्चा तेल लेकर होर्मुज पार कर भारत पहुंचा जहाज

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 18 मार्च।** पश्चिम एशिया में अमेरिका-ईरान युद्ध के बीच स्टेट ऑफ होर्मुज के तनावपूर्ण जलमार्ग को सफलतापूर्वक पार कर भारत का एक और अहम क्रूड ऑयल टैंकर सुरक्षित गुजरात पोर्ट पर पहुंचा। भारतीय झंडे वाले जहाज जग लाडकी ने यूएई के फुजैराह पोर्ट से करीब 80,800 मेट्रिक टन मुर्बन क्रूड ऑयल लेकर गुजरात के मुंद्रा बंदरगाह पर बुधवार को डॉक किया। मीडिया रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि जग लाडकी रविवार को फुजैराह से रवाना हुआ था। जहाज फुजैराह सिंगल पॉइंट मूरिंग पर क्रूड लोडिंग कर रहा था, तभी शनिवार को ईरान ने फुजैराह ऑयल टर्मिनल पर ड्रोन हमला किया। हमले से आग लगी और कुछ लोडिंग ऑपरेशंस अस्थायी रूप से प्रभावित हुए, लेकिन जग लाडकी और उस पर सवार सभी भारतीय नाविक सुरक्षित रहे।

### शेयर बाजार तेजी के साथ खुला

**मुम्बई, यूटर्न/ 18 मार्च।** भारतीय शेयर बाजार बुधवार को तेजी के साथ खुला। सप्ताह के तीसरे कारोबारी दिन सेंसेक्स 500 अंक से अधिक बढ़त के साथ खुला। शुरुआती कारोबार में ही बाजार में उछाल देखने में आया। आईटी और वाहन कंपनियों के शेयरों में खरीददारी से प्रमुख सूचकांक में उछाल आया। सुबह 30 शेयरों वाला बीएसई का सेंसेक्स करीब 200 अंकों की बढ़त के साथ ही 76,257 के स्तर पर कारोबार करता नजर आया जबकि 50 शेयरों वाला एनएसई का निफ्टी भी 65 अंकों से अधिक की तेजी के साथ खुलकर 23,646 तक पहुंचा। निफ्टी में जिन कंपनियों के शेयरों में सबसे ज्यादा बढ़त तेजी आई उसमें टाटा कंसलटेंसी सर्विसेज, विप्रो और श्रीराम फाइनेंस शामिल रहे।

## नई मोटोकॉस बाइक डुकाटी डेस्मो450 एमएक्स लॉन्च

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 18 मार्च।** भारतीय बाजार में मोटरसाइकिल निर्माता डुकाटी ने अपनी नई मोटोकॉस बाइक डुकाटी डेस्मो450 एमएक्स लॉन्च कर दी है। इसकी बुकिंग शुरू हो चुकी है और ग्राहकों को इसकी डिलीवरी मार्च 2026 से मिलने लगेगी। इस ऑफ-रोड रेसिंग बाइक की एक्स-शोरूम कीमत 17.23 लाख रुपये रखी गई है। कंपनी ने इसके साथ भारत में पहली बार मोटोकॉस और ऑफ-रोड रेसिंग सेगमेंट में कदम रखा है। नई डुकाटी डेस्मो450 एमएक्स को खास तौर पर मोटोकॉस रेसिंग और कठिन ऑफ-रोड ट्रैक को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। यह डुकाटी की पारंपरिक रोड सुपरबाइक्स से काफी अलग है और पूरी तरह रेसिंग परफॉर्मेंस को ध्यान में रखकर डिजाइन की गई है। बाइक को अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में भी परखा गया है। खासतौर पर एमएक्सजीपी वर्ल्ड चैंपियनशिप में इसे टेस्ट किया गया, जिससे इसे वास्तविक रेसिंग परिस्थितियों के अनुसार बेहतर बनाया जा सके। भारत में भी इसे पहले इंडियन सुपरक्रॉस रेसिंग लीग के फाइनल के दौरान प्रदर्शित किया गया था।

## तेल की कीमतों में बढ़ोतरी के बीच सरकार ने आरटीपी पर कैप लगाने से किया इनकार

### जब अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चा तेल महंगा होता है, तो आरटीपी भी बढ़ जाता है

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 18 मार्च।** कच्चे तेल की कीमतों में बढ़ोतरी के बीच भारत ने रिफाइनरी कीमतों को फ्रीज करने या उन पर कोई कैप लगाने का फैसला नहीं लिया है। रिफाइनरी ट्रांसफर प्राइस पर कैप लगाने की अटकलों को खारिज करते हुए पेट्रोलियम मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने कहा कि देश में ईंधन की कोई कमी नहीं है। कुछ रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा था कि सरकार आरटीपी की सीमा तय करने पर सरकार विचार कर रही है, लेकिन अब साफ हो गया है कि सरकार ऐसा कुछ नहीं कर रही है। बता दें आरटीपी वह दर होती है जिस पर रिफाइनरियां अपनी मार्केटिंग इकाइयों को तेल बेचती हैं। पेट्रोल-डीजल की कीमतों पर नियंत्रण करने के लिए आरटीपी पर कैप लगाई जाती है। आमतौर पर यह दर तेल की वैश्विक कीमत से कम रहती है, जिससे उपभोक्ताओं को राहत मिलती है, लेकिन कंपनियों के रिफाइनिंग मार्जिन पर असर पड़ता है। जब अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चा तेल महंगा होता है, तो आरटीपी भी बढ़ जाता है।

## अमेरिका ने अगर युद्ध बीच में छोड़ा तो इस क्षेत्र में सुरक्षा और अर्थव्यवस्था खतरे में रहेगी

### खाड़ी देश चाहते हैं ईरान की सैन्य क्षमता और हमले की शक्ति को पूरी तरह खत्म हो

**वाशिंगटन, यूटर्न/ 18 मार्च।** पश्चिम एशिया में जारी भीषण संघर्ष के बीच खाड़ी देशों का रुख अब पूरी तरह बदल गया है। भले ही खाड़ी देशों ने अमेरिका से ईरान के खिलाफ युद्ध शुरू करने के लिए नहीं कहा था, लेकिन अब वह वॉशिंगटन पर दबाव डाल रहे हैं कि इस युद्ध को बीच में न छोड़ा जाए। ईरान ने पिछले तीन हफ्तों में खाड़ी देशों के एयरपोर्ट, बंदरगाहों और तेल सुविधाओं पर मिसाइलों और ड्रोन से हमले किए हैं। वैश्विक तेल आपूर्ति की जीवन रेखा कहलाने वाले स्टेट ऑफ हॉर्मुज को भी ईरान ने लगभग बंद कर दिया है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक ऐसे में खाड़ी देशों के नेताओं और राजनयिकों का मानना है कि ईरान ने रेड लाइन पार कर दी है। खाड़ी देशों के मुताबिक जब तक ईरान की सैन्य क्षमता और हमला करने की शक्ति को पूरी तरह खत्म नहीं किया जाता।

# नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने जारी किए निर्देश, अब 60 प्रतिशत सीटें होंगी मुफ्त

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 18 मार्च।**



केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने बुधवार को एयर ट्रैवल को और आसान बनाने के लिए कुछ नए निर्देश जारी किए हैं। मंत्रालय ने कहा कि किसी भी फ्लाइट में कम से कम 60 फीसदी सीटें मुफ्त में उपलब्ध करानी होंगी, ताकि सभी यात्रियों को बराबरी का मौका मिले। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि एयरलाइन यात्रियों के लिए पारदर्शी और सुविधाजनक हो। डीजीसीए के माध्यम से जारी नए दिशा-निर्देशों में यह भी कहा गया है कि एक ही पीएनआर पर यात्रा करने वाले यात्रियों को साथ में बैठाया जाए। कोशिश की जाएगी कि वे पास-पास की सीटों पर बैठ सकें। इससे परिवार या ग्रुप में सफर करने वाले लोगों को काफी सुविधा मिलेगी।

मंत्रालय ने कहा कि स्पोर्ट्स इक्विपमेंट और म्यूजिकल इंस्ट्रूमेंट जैसी चीजों को भी पारदर्शी और आसान तरीके से फ्लाइट में ले जाने की सुविधा दी जाएगी, बशर्ते सुरक्षा और ऑपरेशनल नियमों का पालन हो। इसी तरह, एयरलाइंस को पालतू जानवरों को ले जाने के लिए स्पष्ट और पारदर्शी नीति बनानी होगी।

इसके अलावा, मंत्रालय ने यात्रियों के अधिकारों पर भी जोर दिया है। इसमें लेट होने, कैंसलेशन या डिनाइड बोर्डिंग जैसी स्थिति में यात्रियों के अधिकारों का पालन करना अनिवार्य होगा।

एयरलाइंस को अपनी वेबसाइट, मोबाइल ऐप, बुकिंग प्लेटफॉर्म और एयरपोर्ट काउंटर पर यात्रियों के अधिकार स्पष्ट रूप से दिखाने होंगे। यात्रियों को उनके हक की जानकारी स्थानीय भाषाओं में भी दी जानी चाहिए ताकि ज्यादा लोग आसानी से समझ सकें। भारत घरेलू उड़ान के मामले में दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा मार्केट बन गया है। यूडीएएन योजना के तहत एयर ट्रैवल अब अधिक सुलभ हो गया है। देश के एयरपोर्ट्स हर दिन पांच लाख से ज्यादा यात्रियों को संभालते हैं, जो इस सेक्टर की तेजी से बढ़ती लोकप्रियता को दिखाता है।

मंत्रालय ने बताया कि यात्रियों की सुविधा हमेशा सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसी सोच के तहत यूडीएएन यात्री कैफे, फ्लाइब्रेरी में मुफ्त किताबें और एयरपोर्ट पर फ्री वाईफाई जैसी सुविधाएं शुरू की गई हैं।

मंत्रालय ने बताया कि वह यात्रियों के अनुभव को बेहतर बनाने, पारदर्शिता बढ़ाने, शिकायतों को कम करने और सुरक्षा मानकों को बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है।

## गैलेक्सी ए 37 और गैलेक्सी ए57 के लांच की तैयारी

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 18 मार्च।**



सैमसंग कंपनी अपने दो नए स्मार्टफोन सैमसंग गैलेक्सी ए 37 और सैमसंग गैलेक्सी ए57 जल्द लॉन्च हो सकते है। इनके हैंड्स-ऑन वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आ गए हैं। इन वीडियो को एक्स पर एक यूज ने शेयर किया है, जिससे फोन्स के डिजाइन और कुछ फीचर्स के बारे में अहम जानकारी मिली है।

वीडियो के अनुसार दोनों स्मार्टफोन ट्रिपल रियर कैमरा सेटअप के साथ आएंगे, जिसमें कैमरे वर्टिकल लाइन में लगाए गए हैं। फोन के राइट साइड में पावर और वॉल्यूम बटन के साथ कंपनी का खास 'की इस्लेंड' डिजाइन भी देखने को मिलता है। दोनों डिवाइस फुल एचडी प्लस अमोलेड डिस्प्ले और 120 एचझेड रिफ्रेश रेट के साथ पेश किए जा सकते हैं। लीक वीडियो में सैमसंग गैलेक्सी ए 37 का ग्रीन कलर वेरिएंट दिखाई दिया है। यह फोन फ्लैट डिस्प्ले और अपेक्षाकृत मोटे बेजल्स के साथ आ सकता है। डिस्प्ले में सेल्फी कैमरे के लिए पंच-होल कटआउट दिया गया है। इसके पीछे की तरफ ट्रिपल कैमरा यूनिट और एलईडी फ्लैश मौजूद है। वहीं फोन के निचले हिस्से में सैमसंग का लोगो भी दिखाई देता है। दूसरी ओर सैमसंग गैलेक्सी ए 57 का पर्पल कलर वेरिएंट वीडियो में नजर आया है।

इसका डिजाइन ए37 से मिलता-जुलता है, लेकिन इसमें बेजल थोड़े पतले दिखाई देते हैं। रिपोर्ट्स के अनुसार सैमसंग गैलेक्सी ए 57 में लगभग 6.6 इंच का डिस्प्ले और सैमसंग गैलेक्सी ए37 में करीब 6.7 इंच की स्क्रीन मिल सकती है। फीचर्स की बात करें तो दोनों फोन में 50 मेगापिक्सल का मुख्य कैमरा और 12 मेगापिक्सल का फ्रंट कैमरा दिया जा सकता है। साथ ही ये स्मार्टफोन आईपी 68 रेटिंग के साथ आ सकते हैं। प्रोसेसर के तौर पर सैमसंग गैलेक्सी ए57 में एक्सीनोस 1680 और सैमसंग गैलेक्सी ए 37 में एक्सीनोस 1480 चिपसेट मिलने की संभावना है।

## वनप्लस नोर्ड 6 और वनप्लस नोर्ड सीई 6 जल्द होगा लांच

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 18 मार्च।**




वनप्लस अपने नए स्मार्टफोन वनप्लस नोर्ड 6 और वनप्लस नोर्ड सीई 6 को लॉन्च करने की तैयारी में है। नोर्ड सीई 6 को भारत के बीआईएस प्लेटफॉर्म पर देखा गया है, जिससे संकेत मिलता है कि यह फोन जल्द भारतीय बाजार में पेश किया जा सकता है। वहीं नोर्ड 6 को कई अंतरराष्ट्रीय सर्टिफिकेशन वेबसाइट्स पर स्पॉट किया गया है, जिससे इसके भी जल्द लॉन्च होने की संभावना जताई जा रही है। मिली जानकारी के मुताबिक नोर्ड 6 को 2026 की पहली तिमाही के आसपास पेश किया जा सकता है। कंपनी आमतौर पर अपनी नोर्ड सीरीज के नए मॉडल समर इवेंट के दौरान लॉन्च करती है, इसलिए संभावना है कि यह स्मार्टफोन भी इसी समय बाजार में आए। लीक्स के मुताबिक वनप्लस नोर्ड 6 में 6.78 इंच की अमोलेड डिस्प्ले दी जा सकती है, जो 1.5के रेजोल्यूशन और 165 एचझेड तक रिफ्रेश रेट को सपोर्ट कर सकती है। इसमें पावरफुल स्नैपड्रेगन 8एस जेन 4 प्रोसेसर मिलने की उम्मीद है, जो बेहतर परफॉर्मेंस देने में सक्षम होगा। कैमरा सेटअप की बात करें तो इसमें 50 मेगापिक्सल का मुख्य रियर कैमरा और लगभग 16 मेगापिक्सल का फ्रंट कैमरा मिल सकता है। इसके अलावा फोन में 9000 एमएएच तक की बड़ी बैटरी दिए जाने की भी चर्चा है।

दूसरी ओर वनप्लसनोर्ड सीई 6 में करीब 6.78 इंच की फुल एचडी+ ओलेड डिस्प्ले मिलने की संभावना है, जो 144एचझेड रिफ्रेश रेट को सपोर्ट कर सकती है। इसमें स्नैपड्रेगन 8एस जेन 4 या स्नैपड्रेगन 7 सीरीज का नया चिपसेट दिया जा सकता है। कैमरे के तौर पर इसमें 50 मेगापिक्सल का मुख्य रियर कैमरा और लगभग 32 मेगापिक्सल का फ्रंट कैमरा मिलने की उम्मीद है। कीमत की बात करें तो रिपोर्ट्स के मुताबिक नोर्ड सीई 6 की कीमत करीब 26,000 से 27,000 रुपये के बीच हो सकती है, जबकि नोर्ड 6 की कीमत लगभग 30,000 से 35,000 रुपये के आसपास रहने का अनुमान है।

यूटर्न टाइम THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA

# 57% उपभोक्ताओं को देरी और काला बाजारी का करना पड़ा सामना, JNU में एक ही वक्त मिल रही हैं रोटियां



» नई दिल्ली, यूटर्न/ 18 मार्च।

देशभर में रसोई गैस (एलपीजी) की संभावित कमी को लेकर लोगों में चिंता बढ़ रही है। एक हालिया सर्वे के अनुसार, 57 प्रतिशत घरेलू उपभोक्ताओं को पिछले एक हफ्ते में गैस सिलेंडर मिलने में देरी और ब्लैक मार्केटिंग का सामना करना पड़ा है। लोकलसर्कल्स की तरफ से किए गए इस सर्वे में दिल्ली-एनसीआर समेत 309 जिलों के 57 हजार से ज्यादा लोगों ने हिस्सा लिया। सर्वे में सामने आया कि 53 प्रतिशत उपभोक्ताओं को गैस एजेंसियों ने पहले ही सप्लाई में देरी या कमी की जानकारी दे दी थी। रिपोर्ट के अनुसार, कई जगहों पर लोग सिलेंडर के लिए लंबी कतारों में लग रहे हैं और घबराहट में अतिरिक्त सिलेंडर बुक कर रहे हैं। सर्वे के अनुसार, ब्लैक मार्केटिंग के मामले भी तेजी से बढ़े हैं।

## दिल्ली-एनसीआर में 1500-2800 रुपये तक वसूले

इसका असर यह हुआ है कि सर्वे किए गए 36 प्रतिशत घरेलू उपभोक्ता, जो अपने इलाके में एलपीजी की कालाबाजारी का सामना कर रहे हैं, उनका कहना है कि सप्लायर व बिचौलिए हर सिलेंडर पर 100-500 रुपये अधिक वसूल रहे हैं, लेकिन उनमें से 9 फीसदी लोग 500 रुपये से भी ज्यादा चुका रहे हैं। दिल्ली-एनसीआर में ऐसे मामले सामने आए हैं, जहां कुछ गैस एजेंसियां हर सिलेंडर के लिए 1500-2800 रुपये तक वसूल रही हैं।

## मध्य पूर्व में हालात इसका एक बड़ा कारण

सर्वे में बताया गया कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बढ़ते तनाव खासकर मध्य पूर्व में हालात इसका एक बड़ा कारण हैं। भारत अपनी जरूरत का 80-85 प्रतिशत एलपीजी आयात करता है, जो मुख्य रूप से खाड़ी देशों से आता है। ऐसे में आपूर्ति में किसी भी तरह की रुकावट का सीधा असर घरेलू बाजार पर पड़ता है। स्थिति को देखते हुए सरकार ने तेल कंपनियों को घरेलू उपभोक्ताओं को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए हैं और राज्यों को जमाखोरी व कालाबाजारी पर नजर रखने को कहा है।

# संक्षिप्त खबरें

## सड़क हादसे में घायल को एक लाख का मुआवजा देने का आदेश

फरीदाबाद, यूटर्न/ 18 मार्च। मोटर एक्सीडेंट क्लेम ट्रिब्यूनल ने सड़क दुर्घटना में घायल हुए राजकुमार को एक लाख का मुआवजा देने का आदेश दिया है। यह हादसा दो फरवरी 2025 को हुआ था, जिसमें को एक वाहन चालक ने टक्कर मार दी और इसमें राजकुमार गंभीर रूप से घायल हो गए थे। इसके बाद उन्होंने मुआवजे के लिए अदालत का दरवाजा खटखटाया था। मामले की सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता और बीमा कंपनी के बीच आपसी सहमति बन गई। अदालत में दोनों पक्षों के वकीलों के बयान दर्ज किए गए, जिसके बाद बीमा कंपनी ने एक लाख की राशि फुल एंड फाइनल सेटलमेंट के रूप में देने पर सहमति जताई। अदालत ने इस समझौते को स्वीकार करते हुए याचिका को आंशिक रूप से मंजूर कर लिया और बीमा कंपनी को 60 दिनों के भीतर भुगतान करने का निर्देश दिया। अदालत ने यह भी स्पष्ट किया कि यदि तय समय सीमा में भुगतान नहीं किया गया तो बीमा कंपनी को नौ फीसदी वार्षिक ब्याज के साथ राशि चुकानी होगी। ट्रिब्यूनल ने आदेश दिया कि मुआवजे की राशि सीधे याचिकाकर्ता के बैंक खाते में ट्रांसफर की जाए।

## सेक्टर-58 से 67 की मास्टर रोड पर जलभराव से मिलेगी राहत

गुरुग्राम, यूटर्न/ 18 मार्च। बारिश के दौरान होने वाली जलभराव की समस्या को दूर करने के लिए गुरुग्राम महानगर विकास प्राधिकरण (जीएमडीए) ने ड्रेनेज सिस्टम को मजबूत करने की योजना बनाई है। इसके तहत सेक्टर-58 से 67 तक मास्टर रोड के साथ बने नाले (सरफेस ड्रेन) को मास्टर ड्रेन से जोड़ने की तैयारी है। इस पर करीब 2.45 करोड़ रुपये खर्च होंगे। न्यू गुरुग्राम के सेक्टरों में पानी की निकासी का पूरा नेटवर्क नहीं है। ऐसे में बारिश के दिनों में कई सेक्टरों में जलभराव की समस्या रहती है। जीएमडीए सेक्टर-58 से 67 तक सरफेस ड्रेन को बेहतर करने जा रहा है, जिससे बारिश का पानी मास्टर ड्रेनेज में जा सके। इसके लिए 11 सेक्टरों में मास्टर रोड के नालों को मास्टर ड्रेन से जोड़ा जाना है। इससे इन सेक्टरों में सड़कों पर जलभराव की समस्या से राहत मिलेगी। जीएमडीए ने इस कार्य का टेंडर जारी कर दिया है। ठेकेदार को इस कार्य को छह माह में पूरा करना होगा।

# मानेसर सेक्टर-85 में मॉल के पास कूड़ा जमा, सफाई की मांग

मानेसर, यूटर्न/ 18 मार्च। सेक्टर-85 स्थित मॉल के पास कूड़े का ढेर लगने से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पिछले कई दिन से यहां कूड़ा जमा हो रहा है, लेकिन नगर निगम की ओर से इसे समय पर नहीं उठाया जा रहा है। इससे इलाके में गंदगी बढ़ रही है और बदबू के साथ बीमारियों का खतरा भी पैदा हो गया है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि नगर निगम डोर-टू-डोर कूड़ा तो नियमित रूप से उठा रहा है, लेकिन सड़कों और खाली जगहों पर फेंके जा रहे कूड़े पर ध्यान नहीं दिया जा रहा। कई लोग अवैध रूप से यहां कूड़ा डालकर चले जाते हैं, जिससे समस्या और बढ़ती जा रही है। स्थानीय निवासी जयपाल यादव ने बताया कि मॉल के पास काफी समय से कूड़ा जमा है और कोई कार्रवाई नहीं हो रही।

# सेक्टर-58 से 67 की मास्टर रोड पर जलभराव से मिलेगी राहत



गुरुग्राम, यूटर्न/ 18 मार्च। बारिश के दौरान होने वाली जलभराव की समस्या को दूर करने के लिए गुरुग्राम महानगर विकास प्राधिकरण (जीएमडीए) ने ड्रेनेज सिस्टम को मजबूत करने की योजना बनाई है। इसके तहत सेक्टर-58 से 67 तक मास्टर रोड के साथ बने नाले (सरफेस ड्रेन) को मास्टर ड्रेन से जोड़ने की तैयारी है। इस पर करीब 2.45 करोड़ रुपये खर्च होंगे।

न्यू गुरुग्राम के सेक्टरों में पानी की निकासी का पूरा नेटवर्क नहीं है। ऐसे में बारिश के दिनों में कई सेक्टरों में जलभराव की समस्या रहती है। जीएमडीए सेक्टर-58 से 67 तक सरफेस ड्रेन को बेहतर करने जा रहा है, जिससे बारिश का पानी मास्टर ड्रेनेज में जा सके। इसके लिए 11 सेक्टरों में मास्टर रोड के नालों को मास्टर ड्रेन से जोड़ा जाना है। इससे इन सेक्टरों में सड़कों पर जलभराव की समस्या से राहत मिलेगी। जीएमडीए ने इस कार्य का टेंडर जारी कर दिया है। ठेकेदार को इस कार्य को छह माह में पूरा करना होगा।

दूसरी ओर सदर्न पेरिफेरल रोड (एसपीआर) वाटिका चौक से एनएच-48 तक सरफेस ड्रेन को मास्टर ड्रेन से जोड़ा जाना है। इस पर 74.65 लाख रुपये खर्च होंगे। एसपीआर के साथ मास्टर ड्रेन का निर्माण किया जा रहा है जोकि मानसून से पहले पूरा करने का लक्ष्य है। यह बरसाती पानी निकासी के लिए चौथा नाला होगा। ऐसे में जीएमडीए एसपीआर के पानी की निकासी का इंतजाम कराने जा रहा है। सड़क के साथ नाले के पानी निकासी का इंतजाम मास्टर ड्रेन में किया जाना है। इससे आसपास के सेक्टरों में भी जलभराव से राहत मिलने की उम्मीद है।

# स्ट्रक्चरल ऑडिट में देरी पर डीसी सख्त, 15 दिन में काम शुरू करने के निर्देश

» गुरुग्राम, यूटर्न/ 18 मार्च।

डीसी अजय कुमार ने मंगलवार को लघु सचिवालय स्थित सभागार में स्ट्रक्चरल ऑडिट को लेकर 15 सोसाइटियों के बिल्डर प्रबंधन और आरडब्ल्यूए प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर प्रगति की समीक्षा की। बैठक में सामने आया कि कई सोसाइटियों में स्ट्रक्चरल ऑडिट पूरा होने के बावजूद रिपोर्ट के अनुसार मरम्मत और सुधार कार्य समय पर नहीं किए गए हैं। डीसी ने नाराजगी जताते हुए बिल्डर्स को निर्देश दिए कि सभी 15 दिन के अंदर आवश्यक कार्य प्राथमिकता के आधार पर जल्द पूरे किए जाएं।

डीसी ने सभी बिल्डर्स से उनके प्रोजेक्ट की अपडेट स्टेटस रिपोर्ट भी मांगी और स्पष्ट कहा कि यह मामला सीधे नागरिकों की सुरक्षा




से जुड़ा है, इसलिए किसी भी तरह की लापरवाही या देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। डीसी ने चेतावनी दी कि जो बिल्डर 15 दिनों के भीतर ऑडिट रिपोर्ट के अनुसार कार्य शुरू नहीं करेंगे, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। साथ ही डीटीपी को ऐसे मामलों में आवश्यक प्रशासनिक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। जिन सोसाइटियों में कार्य लंबित है, वहां संबंधित बिल्डर्स को तुरंत मरम्मत कार्य शुरू कर तय समय सीमा में पूरा करने को कहा गया है। वहीं, जिन सोसाइटियों का ऑडिट पूरा हो चुका है, उनकी अंतिम रिपोर्ट इम्पैनल्ड एजेंसियों से जल्द जारी कराने के निर्देश दिए गए।

डीसी ने यह भी कहा कि जहां विजुअल इंस्पेक्शन और एनडीटी (नॉन-डिस्ट्रक्टिव टेस्ट) की रिपोर्ट आ चुकी है, वहां तय समय में काम पूरा किया जाए। बैठक में कुछ आरडब्ल्यूए प्रतिनिधियों ने अपने स्तर पर मरम्मत कार्य कराने की अनुमति मांगी, जिस पर डीसी ने सहमति देते हुए कहा कि कार्य निर्धारित मानकों के अनुसार हो और संबंधित एजेंसियों द्वारा उसकी गुणवत्ता की निगरानी भी सुनिश्चित की जाए।

# बीके अस्पताल में त्वचा संबंधी समस्याओं को लेकर पहुंच रहे मरीज

» फरीदाबाद, यूटर्न/ 18 मार्च।

दिन और रात के तापमान में लगातार बढ़ रहे अंतर का असर अब लोगों की त्वचा पर भी साफ दिखाई देने लगा है। मौसम में हो रहे इस बदलाव के चलते त्वचा संबंधी समस्याएं तेजी से बढ़ रही हैं। जिला नागरिक अस्पताल में प्रतिदिन करीब 30 से 35 मरीज त्वचा रोग से जुड़ी शिकायतों के साथ उपचार के लिए पहुंच रहे हैं। अस्पताल में आने वाले मरीजों में खुजली, रैशेज, त्वचा का रूखापन और एलर्जी जैसी समस्याएं आम हो गई हैं। मरीजों का कहना है कि अचानक बदलते मौसम के कारण उनकी त्वचा पर दिक्कतें बढ़ रही हैं, जिससे दैनिक जीवन भी



प्रभावित हो रहा है। संजय कॉलोनी की रहने वाली रेखा ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से उनकी त्वचा पर खुजली और जलन की समस्या बढ़ गई है, जिसके चलते उन्हें अस्पताल आना पड़ा। वहीं एक अन्य मरीज सुनील ने कहा कि दिन में गर्मी और रात में ठंड के कारण उनकी त्वचा रूखी हो गई है और बार-बार एलर्जी हो रही है।

चर्म रोग विशेषज्ञ डॉ. डीएस राठी ने बताया कि मौसम में इस तरह का उतार-चढ़ाव त्वचा पर सीधा असर डालता है। उन्होंने बताया कि इस दौरान त्वचा की नमी कम हो जाती है, जिससे एलर्जी और संक्रमण का खतरा बढ़ जाता है। उन्होंने लोगों को सलाह दी कि वे नियमित रूप से मॉइस्चराइजर का उपयोग करें, पर्याप्त पानी पिएं और त्वचा की साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखें। उन्होंने कहा कि थोड़ी सी सावधानी बरतकर इन समस्याओं से बचा जा सकता है।

# रूप नगर हादसे के बाद दिल्ली में सभी लोहे के पुलों का होगा ऑडिट, 48 घंटे में रिपोर्ट देगी जांच समिति

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 18 मार्च।

उत्तरी दिल्ली के रूप नगर में नजफगढ़ नाले पर 33 साल पुराने फुट ओवरब्रिज के गिरने और एक महिला की मौत के बाद प्रशासन हरकत में आया है। दिल्ली के सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने घटना की जांच के लिए 3 सदस्यीय समिति गठित करने का आदेश दिया है। यह समिति पुल गिरने के तकनीकी कारणों और विभागीय चूक की पड़ताल कर 48 घंटे के भीतर रिपोर्ट पेश करेगी।

इस हादसे के मद्देनजर दिल्ली में मौजूद सभी पुराने लोहे के फुट ओवरब्रिज का स्ट्रक्चरल ऑडिट कराने का फैसला लिया गया है। मंत्री ने निर्देश दिए हैं कि इंजीनियरिंग टीम शहर भर के ऐसे पुलों की वर्तमान स्थिति की समीक्षा करें, ताकि उनकी सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि जर्जर हो चुकी संरचना ही इस हादसे की मुख्य वजह थी। अब जांच रिपोर्ट के आधार पर यह तय किया जाएगा कि इस जर्जर ढांचे को समय रहते पूरी तरह हटाने या मरम्मत करने में कहां और किससे लापरवाही हुई।

इससे पहले मंगलवार सुबह



नजफगढ़ ड्रेन (नाले) पर बना करीब 33 साल पुराना जर्जर लोहे का पुल अचानक भरभराकर गिर गया। पुल गिरते ही उसके बीचों-बीच उस पर बैठी 60 साल की एक बुजुर्ग महिला नाले में जा गिरी। लोगों ने आनन-फानन में मामले की सूचना पुलिस व रेस्क्यू टीम को दी। खबर मिलते ही पुलिस के अलावा दमकल विभाग, एनडीआरएफ, बोट क्लब व अन्य एजेंसियां मौके पर पहुंचीं, राहत और बचाव कार्य शुरू किया। काफी मशक्कत के बाद महिला को नाले से निकालकर नजदीकी अस्पताल भेजा गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। फिलहाल उसकी पहचान नहीं हो पाई है। जिला पुलिस उपायुक्त राजा बांठिया ने बताया कि बुजुर्ग महिला पुल के बीच में बैठकर भीख मांगती थी। हादसे के समय उसे भागने का मौका नहीं मिला। उसका शव कब्जे में लेकर मोर्चरी भेज दिया गया है। पुलिस उसकी पहचान करने का प्रयास कर रही है। रूप नगर थाना पुलिस मामला दर्ज कर जांच कर रही है। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि हादसा मंगलवार सुबह करीब 9.25 बजे रूप नगर ब्लॉक-3 में हुआ। यहां करीब सात दशक पहले से नजफगढ़ ड्रेन पर लोहे का एक पतला-संकरा और छोटा पुल बना हुआ है। इसका इस्तेमाल पैदल गुजरने वाले राहगीर और कभी-कभार बाइक या स्कूटी वाले भी कर लेते थे। सूत्रों ने बताया कि नाला सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग का है और उसकी देखरेख का जिम्मा भी इसी विभाग का है।

# डी विलियर्स ने बुमराह को बताया टी20 का महान खिलाड़ी




दक्षिण अफ्रीका के दिग्गज क्रिकेटर रहे एबी डी डीविलियर्स ने भारतीय टीम के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की जमकर प्रशंसा करते हुए उन्हें टी20 का सबसे महान खिलाड़ी बताया है। डीविलियर्स के अनुसार क्रिस गेल, विराट कोहली और राशिद भी शीर्ष स्तर के खिलाड़ी हैं पर बुमराह की बात ही कुछ और है। डीविलियर्स के अनुसार बुमराह को सबसे आगे बताने का कारण ये है कि हालात कैसे भी हों वह टीम को मैच जिताने की क्षमता रखते हैं डीविलियर्स के अनुसार बुमराह में कई प्रकार की खूबियां हैं। वह नई और पुरानी गेंद, दोनों से प्रभावी गेंदबाजी करते हैं। इसके अलावा दबाव में विकेट लेने की क्षमता, डेथ ओवरों में शानदार प्रदर्शन, सुपर ओवर जैसे कठिन अवसरों पर मैच जिताने की क्षमता उनमें है। कुल मिलाकर देखो जाये तो आप किसी भी समय गेंद बुमराह को दे सकते हैं, और वह मैच जिता सकते हैं। डीविलियर्स ने अपनी करियर के दौरान आईपीएल सहित दुनिया की कई टी20 लीग खेली हैं। आरसीबी के लिए खेलते हुए उन्होंने गेल और विराट के साथ ड्रेसिंग रूम भी साझा किया हैं। ऐसे मे उनका बुमराह को सबसे बेहतर बताना काफी महत्व रखना है। इससे पहले पाकिस्तान के पूर्व तेज गेंदबाज अकीब जावेद ने भी बुमराह की जमकर प्रशंसा की थी। उन्होंने कहा कि बुमराह का अनोखा एक्शन बल्लेबाजों को लय में नहीं आने देता। इसी दौरान उन्होंने बुमराह की तुलना पाक के युवा स्पिनर उस्मान तारिक से कर दी। जिसके बाद प्रशंसकों ने उन्हें सोशल मीडिया पर जमकर ट्रॉल करते हुए कहा कि बुमराह के सामन तारिक कहीं नहीं हैं। ऐसे में तुलना नहीं हो सकती। आकिब की तुलना को लेकर सोशल मीडिया पर कई प्रशंसकों ने कड़ी नाराजगी भी जतायी। उनका कहना था कि इस प्रकार की बातें नहीं कही जानी चाहिये। कई लोगों ने इसे गलत तुलना बताया, कुछ ने बुमराह की क्लास को अलग स्तर का बताया। आम तौर पर टी20 क्रिकेट में बल्लेबाजों को ही महान माना जाता है पर जिस प्रकार से दक्षिण अफ्रीकी दिग्गज ने बुमराह को महान बताया है, उससे पता चलता है कि उनकी गेंदबाजी कितनी प्रभावशाली है।



# 'हेट स्टोरी 3' के बाद जरीन की अभिनय क्षमता पर उठाए थे सवाल

हाल ही में फिल्म इंडस्ट्री में अपने अनुभवों को लेकर बॉलीवुड अभिनेत्री जरीन खान ने कई खुलासे किए हैं। अभिनेत्री ने बताया कि फिल्म हेट स्टोरी 3 के बाद उन्हें इंडस्ट्री में काफी आलोचना सामना करना पड़ा। उन्होंने कहा कि फिल्म में किए गए बोल्ड सीन के कारण कई लोगों ने उनकी अभिनय क्षमता पर सवाल उठाए और उन्हें नीचा दिखाने की कोशिश की। जरीन खान ने अपने करियर की शुरूआत वीर से की थी, जिसमें उनके साथ सलमान खान मुख्य भूमिका में थे। हालांकि यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर सफल नहीं हो सकी। इसके बाद वह हाउसफुल 2 और बाद में हेट स्टोरी 3 जैसी फिल्मों में नजर आईं। 'हेट स्टोरी 3' ने बॉक्स ऑफिस पर अच्छी कमाई की, लेकिन इस फिल्म के बाद उन्हें इंडस्ट्री में आलोचना का सामना करना पड़ा। एक पॉडकास्ट में बातचीत के दौरान जरीन ने बताया कि फिल्म के बोल्ड सीन को लेकर कई लोगों ने उनके बारे में नकारात्मक टिप्पणियां कीं। उनका कहना था कि कुछ लोगों ने यहां तक कहा कि वह अभिनय नहीं कर सकतीं, इसलिए उन्हें इस तरह के सीन करने पड़े। अभिनेत्री के मुताबिक, इस तरह की बातों से उन्हें काफी बुरा लगा और फिल्म की सफलता के बावजूद उन्हें सम्मानजनक व्यवहार नहीं मिला। फिल्म की सफलता के बाद जरीन को अक्सर 2 के लिए अप्रोच किया गया, जो 2006 में आई फिल्म अक्सर का सीक्वल थी। इस फिल्म का निर्देशन अनंत महादेवन ने किया था। जरीन का कहना है कि जब उन्हें फिल्म की कहानी सुनाई गई थी, तब इसे एक नॉयर थ्रिलर के रूप में पेश किया गया था। लेकिन शूटिंग शुरू होने के बाद उन्हें महसूस हुआ कि फिल्म में कई ऐसे सीन शामिल किए जा रहे हैं, जिनकी जानकारी उन्हें पहले नहीं दी गई थी। अभिनेत्री के मुताबिक, सेट पर अक्सर ऐसे दृश्य जोड़े जा रहे थे जिनमें किसिंग सीन या रिवीलिंग कॉस्ट्यूम की मांग की जाती थी। उन्होंने कहा कि उन्हें बोल्ड सीन करने से कोई आपत्ति नहीं थी, लेकिन फिल्म की स्क्रिप्ट और वास्तविक शूटिंग के बीच काफी अंतर था। इस वजह से शूटिंग के दौरान कई बार तनावपूर्ण स्थिति भी पैदा हुई।

जरीन खान ने यह भी बताया कि इन सब परिस्थितियों के बावजूद उन्होंने फिल्म पूरी करने का फैसला किया क्योंकि वह नहीं चाहती थीं कि निर्माताओं को आर्थिक नुकसान हो। उनका कहना था कि वह काम के प्रति जिम्मेदार हैं और हमेशा किसी विवाद से बचते हुए बीच का रास्ता निकालने की कोशिश करती हैं। हालांकि फिल्म पूरी होने तक हालात इतने खराब हो गए थे कि उन्हें अपनी ही फिल्म की स्क्रीनिंग में आमंत्रित नहीं किया गया।

# पंड्या की कप्तानी में खिताबी जीत के इरादे से उतरेगी मुम्बई : हरभजन



**नई दिल्ली, यूटर्न/ 18 मार्च।** दिग्गज स्पिनर हरभजन सिंह ने कहा है कि हार्दिक पंड्या की कप्तानी में मुंबई इंडियंस इस बार खिताबी जीत के इरादे से उतरेगी। हरभजन के अनुसार पंड्या का लक्ष्य पिछले 5 सालों से चले आ रहे खिताबी इंतजार को समाप्त करना रहेगा। हरभजन के अनुसार जीत के लिए पंड्या को आगे बढ़कर आक्रामक अंदाज में कप्तानी करनी होगी। इस पूर्व स्पिनर ने कहा है कि मुम्बई को सलामी जोड़ी को लेकर भी अपनी स्थिति साफ करनी चाहिये। इसके अलावा जसप्रीत बुमराह की भूमिका भी तय करनी होगी। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि हार्दिक को अपने स्वाभाविक अंदाज में ही खेलना चाहिये। उन्हें अपना सर्वश्रेष्ठ गेम दिखाना होगा। उन्हें बल्लेबाजी के साथ ही गेंदबाजी में भी अहम भूमिका निभानी होगी।

जिस प्रकार उन्होंने टी 20 विश्व कप में गेंदबाजी की थी वैसी ही उन्हें आईपीएल में भी करनी होगी। उन्होंने कहा, जब कोई कप्तान आगे बढ़कर टीम की अगुवाई करता है और रास्ता दिखाता है, तो बाकी खिलाड़ी भी उसका साथ देते हैं। यह सब भरोसे पर निर्भर करेगा। अगर हार्दिक और उनकी टीम पहले दिन से ही तय कर ले कि उनका लक्ष्य खिताब जीतना है तो मुम्बई टीम को आगे बढ़ने से कोई नहीं रोक पायेगा। वहीं रयान रिकल्टन और क्विंटन डी कॉक को अंतिक ग्यारह में रखे जाने के सवाल पर, हरभजन ने कहा कि दोनो को एकसा रखे जाने की संभावना नहीं है। इन दोनों में से कोई एक ही शुरूआत में रखा जाएगा। दोनों को एक साथ उतारना इसलिए संभव नहीं है क्योंकि टीम के पास रोहित शर्मा सूर्यकुमार यादव और तिलक वर्मा जैसे शीर्ष बल्लेबाज हैं।

# समीरा रेड्डी ने किया सिलेंडर का 'वीआईपी स्वागत'

अमेरिका, इजराइल-इरान वार को लेकर एलपीजी संकट को लेकर बॉलीवुड अभिनेत्री समीरा रेडडी का एक मजेदार वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसने लोगों का ध्यान खींच लिया है। दरअसल अभिनेत्री ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक वीडियो साझा किया है, जिसमें घरेलू गैस सिलेंडर का स्वागत किसी वीआईपी मेहमान की तरह किया जा रहा है। वीडियो में सिलेंडर के लिए रेड कार्पेट बिछाया गया है और उसे ताज पहनाकर सम्मानित किया जाता दिखाया गया है। अभिनेत्री खुद भी सिलेंडर की आवभगत करते हुए उसे चाय पेश करती हैं और गुलाब का फूल देकर स्वागत करती नजर आती हैं। इस वीडियो के जरिए उन्होंने हल्के-फुल्के अंदाज में देश में एलपीजी सिलेंडर को लेकर बनी स्थिति पर व्यंग्य किया है। वीडियो देखकर यह भी साफ होता है कि अभिनेत्री के घर में भी लंबे समय से घरेलू गैस सिलेंडर का इंतजार किया जा रहा था और आखिरकार जब सिलेंडर पहुंचा तो उसे खास अंदाज में सेलिब्रेट किया गया। समीरा रेड्डी का यह वीडियो सोशल मीडिया यूजर्स को काफी पसंद आ रहा है और लोग इस पर मजेदार प्रतिक्रियाएं भी दे रहे हैं। कई यूजर्स ने मजाकिया अंदाज में एलपीजी का नया फुल फॉर्म भी गढ़ दिया है, जिसे उन्होंने 'वेरी इम्पोर्टेंड पेट्रोलियम' बताया है। हालांकि यह वीडियो हास्य के अंदाज में बनाया गया है, लेकिन यह मौजूदा हालात की झलक भी दिखाता है। कई राज्यों में गैस एजेंसियों के बाहर लंबी कतारें देखी जा रही हैं और लोग घरेलू सिलेंडर की उपलब्धता को लेकर चिंता जता रहे हैं। गैस की कीमतों में हालिया बढ़ोतरी के बाद स्थिति और ज्यादा चर्चा में आ गई है। केंद्र सरकार का कहना है कि देश में एलपीजी की कोई कमी नहीं है और सप्लाई सामान्य है।

# सीएसके ने फोस्टर को क्षेत्ररक्षण कोच बनाया

» **मुम्बई, यूटर्न/ 18 मार्च।**

चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) ने आईपीएल के 19 सत्र से पहले इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेटर जेम्स फोस्टर को टीम का नया क्षेत्ररक्षण कोच बनाया है। फोस्टर टीम के मुख्य कोच स्टीफन फ्लेमिंग के साथ मिलकर काम करेंगे। उनके जिम्मेदारी टीम के खिलाड़ियों के क्षेत्ररक्षण कौशल को निखारना रहेगा। पिछले सत्र में टीम इस क्षेत्र में कमजोर साबित हुई थी। फोस्टर को कोच के तौर पर लंबा अनुभव है और इसी को देखते हुए सीएसके ने उन्हें जोड़ा है। सीएसके के पास पहले ही कोचिंग स्टाफ में माइकल हसी और एरिक सिमंस जैसे दिग्गज हैं, इसके बाद भी फोस्टर को शामिल करने से साफ है कि टीम अपनी ओर से कोई कमी नहीं रखना चाहती है। फोस्टर ने साल 2001 से 2009 के बीच इंग्लैंड के लिए 23 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं। साल 2018 में क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद उन्होंने कोचिंग में काफी अनुभव वह सफलता हासिल की है। हाल ही में उनके मार्गदर्शन में जनवरी 2026 में डेजर्ट वाइपर्स ने आईएलटी 20 खिताब जीता था। इसके अलावा वह द हंड्रेड में बर्मिंघम फीनिक्स के सहायक कोच भी रहे हैं।

फोस्टर इंग्लैंड और न्यूजीलैंड टीम के भी कोच रहे हैं। वह पहले कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के साथ क्षेत्ररक्षण के सहायक कोच रहे हैं। ऋतुराज की कप्तानी में सीएसके अपने आईपीएल 2026 अभियान की शुरूआत 30 मार्च को राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ गुवाहाटी में करेगी। इसके बाद टीम 3 अप्रैल को पंजाब किंग्स के खिलाफ घरेलू मैच खेलेगी। शुरूआती मुकाबलों में आरसीबी और दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ भी उसे खेलना है। पीछले सत्र में टीम का प्रदर्शन काफी खराब रहा था और टीम अंक तालिका में सबसे नीचे वहीं इस बार टीम ने कई नये खिलाड़ियों के साथ ही कोचिंग स्टाफ में भी बदलाव किया है जिससे उसे जीत की उम्मीद रहेगी।





## संक्षिप्त खबरें

### अमेरिकी सेना ने होर्मुज जलडमरूमध्य के निकट ईरानी मिसाइल ठिकानों पर बमबारी की

**वाशिंगटन, यूटर्न/ 18 मार्च।** अमेरिका के सैन्य बलों ने ईरान के तट के पास होर्मुज जलडमरूमध्य के निकट स्थित ईरानी मिसाइल ठिकानों पर हमला किया है। अमेरिकी केन्द्रीय कमान ने मंगलवार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर यह जानकारी दी। कमान ने कहा, 'कुछ घंटे पहले अमेरिकी बलों ने होर्मुज जलडमरूमध्य के पास ईरान के तटवर्ती क्षेत्र में स्थित सुदृढ़ (हार्डन) ईरानी मिसाइल ठिकानों पर 5,000 पाउंड के गहरे पैठ बनाने वाले कई बमों का सफलतापूर्वक उपयोग किया। कमान के अनुसार, 'इन ठिकानों पर मौजूद ईरानी एंटी-शिप क्रूज मिसाइलें जलडमरूमध्य से गुजरने वाले अंतरराष्ट्रीय जहाजों के लिए खतरा मानी जा रही थीं। इससे पहले अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने संवाददाताओं से कहा कि वाशिंगटन ईरान के खिलाफ अपने हमले समाप्त करने के लिए 'अभी तैयार नहीं' है और यह अभियान अब तीसरे सप्ताह में प्रवेश कर चुका है। श्री ट्रम्प ने यह भी स्वीकार किया कि होर्मुज जलडमरूमध्य से सुरक्षित आवाजाही के लिए संयुक्त एस्कॉर्ट मिशन का उनका प्रस्ताव अधिकांश नाटो देशों और अमेरिकी सहयोगियों ने अस्वीकार कर दिया है।

### जेलेंस्की ने ट्रम्प, स्टारमर से मुलाकात करने एवं आम सहमति बनाने का किया आग्रह

**लंदन, यूटर्न/ 18 मार्च।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोडिमिर जेलेंस्की ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और ब्रिटेन के प्रधानमंत्री सर कीर स्टारमर से मुलाकात करने और आम सहमति बनाने का आग्रह किया है। श्री जेलेंस्की ने यह आ'ान अमेरिकी राष्ट्रपति द्वारा ब्रिटेन के प्रधानमंत्री की बार-बार आलोचना करने के बाद की है। श्री स्टारमर के साथ बातचीत करने के बाद बीबीसी को मंगलवार को दिए एक विशेष साक्षात्कार में यूक्रेन के राष्ट्रपति ने कहा कि हालांकि वह राष्ट्रपति ट्रम्प को यह नहीं बताएंगे कि उन्हें क्या करना चाहिए लेकिन दोनों नेताओं को संबंधों को फिर से मजबूत करने के लिए मुलाकात करनी चाहिए। ईरान पर अमेरिका और इजरायल के हमलों से भड़की जंग, श्री ट्रम्प द्वारा नाटो सहयोगियों की आलोचना और श्री स्टारमर की कथित सैन्य कार्रवाई की कमी के बाद एक राजनयिक विवाद में तब्दील हो गई है। मंगलवार को अपने नवीनतम हमले में, श्री ट्रम्प ने श्री स्टारमर के लिए कहा कि 'वह विंस्टन चर्चिल नहीं हैं' और उन्होंने कहा कि हालांकि वह ब्रिटेन के प्रधानमंत्री को एक नेक इंसान मानते हैं लेकिन वह उनसे बहुत निराश हैं।

# पाकिस्तान में 500 से अधिक लड़कियों का जबरन कराया गया धर्म परिवर्तन

» **इस्लामाबाद, यूटर्न/ 18 मार्च।**




अल्पसंख्यकों के अधिकारों के लिए काम करने वाले एक प्रमुख संगठन ने 2021 से 2025 के बीच पूरे पाकिस्तान में अल्पसंख्यक समुदाय की लड़कियों के अपहरण और जबरन धर्म परिवर्तन के एक चिंताजनक चलन की ओर ध्यान दिलाया है, जिसके तहत इस दौरान 515 मामले दर्ज किए गए।

अलग-अलग आंकड़ों का हवाला देते हुए, वॉयस ऑफ पाकिस्तान माइनॉरिटी (वीओपीएम) ने बताया कि भले ही ये आंकड़े सिर्फ अंक लगें, लेकिन हर एक नंबर एक मानवीय त्रासदी को दिखाता है—'एक डरी हुई लड़की, एक तबाह परिवार, और एक ऐसा समुदाय जो लगातार डर के साए में जी रहा है।'

रिपोर्ट के मुताबिक, पीड़ितों में 69 प्रतिशत हिंदू लड़कियां हैं, उसके बाद 31 प्रतिशत ईसाई समुदाय से हैं, जबकि कुछ मामले सिख लड़कियों के भी हैं। वीओपीएम ने कहा, 'ये आंकड़े उन अल्पसंख्यक समुदायों की कमजोरी को दिखाते हैं जो पहले से ही समाज के हाशिए पर जी रहे हैं। जब किसी समुदाय के पास सामाजिक रसूख और संस्थागत सुरक्षा नहीं होती, तो उसके सबसे कमजोर सदस्यों -- खासकर युवतियों -- को अक्सर सबसे ज्यादा खतरों का सामना करना पड़ता है।'

पीड़ितों की उम्र को लेकर चिंता जताते हुए, इस मानवाधिकार संस्था ने बताया कि 52 प्रतिशत पीड़ित 14 से 18 साल के बीच के हैं, जबकि 20 प्रतिशत 14 साल से कम उम्र के हैं। संस्था ने कहा कि ऐसे मामलों के बाद अक्सर इंसाफ के लिए एक दर्दनाक संघर्ष शुरू होता है, जिसमें बेबस माता-पिता से कहा जाता है कि उनकी बेटी ने 'धर्म बदल लिया है' या 'अपनी मर्जी से शादी कर ली है'— जिससे यह गंभीर सवाल उठता है कि जब पीड़ित नाबालिग हों, तो उनकी मर्जी का मतलब क्या है?

मानवाधिकार कार्यकताओं ने ऐसे मामलों पर बार-बार चिंता जताई है। वीओपीएम ने उन रिपोर्टों का हवाला दिया जिनमें कहा गया है कि कई पीड़ितों को जबरदस्ती या बहला-फुसलाकर धर्म बदलने और शादी करने के लिए मजबूर किया जाता है; अक्सर ऐसी स्थितियों में जब अल्पसंख्यक परिवारों के पास कानूनी मदद लेने के लिए न तो संसाधन होते हैं और न ही कोई रसूख। संस्था ने कहा कि कुछ मामलों में, पाकिस्तानी अदालतों ने भी ऐसी शादियों और धर्म बदलने को सही ठहराया है, जिससे परिवार तबाह और बेबस हो जाते हैं।

संस्था के मुताबिक, पाकिस्तान में काम करने वाली एक मानवाधिकार संस्था, सेंटर फॉर सोशल जस्टिस (सीएसजे), इस मुद्दे की गंभीरता को बताती है; इसने अल्पसंख्यक लड़कियों के अपहरण और जबरदस्ती धर्म बदलने के सैकड़ों मामलों को दर्ज किया है, जिनमें से कई लड़कियां नाबालिग थीं।

## ईरान के विदेश मंत्री के बयान से उड़ गई अमेरिका और इजरायल की नींद, पुतिन की ओर इशारा



» **तेहरान, यूटर्न/ 18 मार्च।**

वेस्ट एशिया में तनाव लगातार बढ़ता जा रहा है और ईरान के हालिया दावे ने अमेरिका और इजरायल की चिंता बढ़ा दी है। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अरागची ने कहा कि उनके देश को रूस और चीन से सहयोग मिल रहा है, जिसमें सैन्य सहायता भी शामिल है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह सहयोग केवल राजनीतिक या आर्थिक नहीं, बल्कि रणनीतिक और सैन्य क्षेत्रों तक फैला हुआ है। इस पर अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि रूस शायद ईरान को कुछ हद तक सहायता प्रदान कर रहा है। उनका अनुमान है कि रूस ऐसा इसलिए कर सकता है क्योंकि अमेरिका यूक्रेन को समर्थन दे रहा है, और पुतिन उसी तर्क के आधार पर प्रतिक्रिया दे रहे है। पिछले एक दशक में ईरान और रूस के बीच संबंध काफी मजबूत हुए हैं, खासकर अमेरिका और पश्चिमी देशों के विरोध के बीच। यूक्रेन युद्ध के दौरान, ईरान ने रूस को शाहेद ड्रोन उपलब्ध कराए हैं, जिनका उपयोग रूस ने यूक्रेन पर हमलों के लिए किया। इसके अलावा, रूस में इन ड्रोन के उत्पादन के लिए कारखाने स्थापित करने की खबरें सामने आई हैं। दोनों देशों ने सीरिया में बशर अल-असद की सरकार का समर्थन करने में भी सहयोग किया है।

ईरान और चीन के संबंध भी लगातार मजबूत हो रहे हैं। 2021 में दोनों देशों ने 25 साल के व्यापक आर्थिक सहयोग समझौते पर हस्ताक्षर किए, जिसका मुख्य केंद्र ईरान के तेल संसाधनों की आपूर्ति है। इस समझौते से चीन की ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित होती है, जबकि ईरान को आर्थिक समर्थन प्राप्त होता है।

## अमेरिका में हिंदूफोबिया के खिलाफ प्रस्ताव को मिल रहा समर्थन



» **वाशिंगटन, यूटर्न/ 18 मार्च।**

अमेरिका के मिनेसोटा राज्य में हिंदूफोबिया और हिंदू-विरोधी कट्टरता की निंदा करने वाला एक प्रस्ताव जोर पकड़ रहा है। 400 से ज्यादा समुदाय के सदस्यों ने इस कदम का समर्थन किया है और कानून बनाने वाले हिंदू अमेरिकियों को निशाना बनाने वाली बढ़ती घटनाओं पर गवाहों के बयान सुन रहे हैं।

मिनेसोटा सीनेट में 9 मार्च को पेश किए गए इस प्रस्ताव का मकसद हिंदू अमेरिकियों के साथ होने वाले भेदभाव को औपचारिक रूप से मान्यता देना और धार्मिक स्वतंत्रता, बहुलवाद व आपसी सम्मान के प्रति राज्य की प्रतिबद्धता को दोहराना है।

'कोएलिशन ऑफ हिंदूज ऑफ नॉर्थ अमेरिका' (सीओएचएनए), जिसने इस मुहिम की अगुवाई की है, ने कहा कि यह पहल मान्यता और सुरक्षा हासिल करने के लिए हिंदू समुदाय के लगातार प्रयासों को दशार्ती है।

समुदाय के नेताओं ने मिनेसोटा सीनेट की न्यायपालिका और सार्वजनिक सुरक्षा समिति के सामने गवाही दी और राज्य व देशभर में सामने आई घटनाओं का जिक्र किया।

इनमें एदिना में एक मंदिर को निशाना बनाकर की गई नफरती बयानबाजी, मेपल ग्रोव में पुजारियों के घरों में हुई चोरियां और अतीत में हिंदू संस्थानों पर हुए तोड़फोड़ और डराने-धमकाने के मामले शामिल थे।

सीओएचएनए के मिनेसोटा चैप्टर की निदेशक नेहा मरकंडा ने समिति से कहा, 'जिस नफरत का कोई नाम नहीं होता, उसे अक्सर नजरअंदाज कर दिया जाता है। मिनेसोटा के कानून बनाने वालों से संस्थागत मान्यता मिलना इसलिए बहुत जरूरी है ताकि व्यापक समुदाय को यह भरोसा दिलाया जा सके कि उनके दर्द को देखा जा रहा है और यह कि हम सब मिलकर हर मिनेसोटावासी की सुरक्षा और गरिमा के वादे को पूरा करेंगे।'

# ट्रंप को बड़ा झटका: युद्ध के विरोध में अमेरिकी आतंकवाद निरोधी प्रमुख केंट ने दिया इस्तीफा

» **वॉशिंगटन, यूटर्न/ 18 मार्च।**

ईरान के खिलाफ जारी अमेरिकी सैन्य कार्रवाई के बीच वाशिंगटन के गलियारों में उस वक्त खलबली मच गई, जब देश के शीर्ष सुरक्षा अधिकारी ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया। नेशनल काउंटर टेररिज्म सेंटर (एनसीटीसी) के डायरेक्टर जोसेफ केंट ने पद छोड़ते हुए राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर बेहद गंभीर आरोप लगाए। केंट ने अपने इस्तीफे में सीधे तौर पर कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप इस समय इजरायल और अमेरिका की शक्तिशाली युद्ध लॉबी के हाथों की कठपुतली बनकर रह गए हैं। केंट का यह कदम ऐसे समय में आया है जब अमेरिका और ईरान के बीच युद्ध अपने तीसरे सप्ताह में है और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अमेरिका अलग-थलग पड़ता दिख रहा है।

जोसेफ केंट ने राष्ट्रपति को भेजे अपने पत्र और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर साझा किए गए संदेश में स्पष्ट किया कि वे इस युद्ध का नैतिक रूप से समर्थन नहीं कर सकते। उन्होंने दावा किया कि ईरान से



अमेरिका को कोई ऐसा तात्कालिक खतरा नहीं था, जिसके लिए इतना बड़ा सैन्य अभियान शुरू किया जाए। केंट ने आरोप लगाया कि अमेरिका इस युद्ध में केवल इजरायल और उससे जुड़ी प्रभावशाली अमेरिकी लॉबी के दबाव में उतरा है। उन्होंने लिखा कि यह युद्ध पूरी तरह से दबाव में शुरू किया गया है और उनकी अंतरात्मा अब इस प्रशासन का हिस्सा बने रहने की अनुमति नहीं देती।

### अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने भेजा अपना खास दूत कहा- पता करें नेतन्याहू जिंदा है या नहीं

बीते कई दिनों में इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की मौत और उनके एआई जनरेटेड वीडियो को लेकर सोशल मीडिया पर चल रही अटकलों पर अब विराम लग गया है। नेतन्याहू ने एक नया और दिलचस्प वीडियो साझा किया है, जिसमें वे न केवल जीवित और स्वस्थ नजर आ रहे हैं, बल्कि अपनी मौत की अफवाहों पर तंज भी कस रहे हैं। इसी बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कथित तौर पर अपने दूत माइक हकाबी को विशेष रूप से यह सुनिश्चित करने के लिए भेजा था कि इजरायली नेता सुरक्षित हैं। वीडियो में हकाबी मजाक में कहते दिख रहे हैं, मिस्टर प्राइम मिनिस्टर, राष्ट्रपति ने मुझे यहाँ यह पक्का करने के लिए भेजा था कि आप ठीक हैं।

# फिलीपींस में कैनलॉन ज्वालामुखी का फिर विस्फोट

### 2500 मीटर तक उठा राख का गुबार

» **फिलीपींस, यूटर्न/ 18 मार्च।**



फिलीपींस में फिर प्रकृति की ताकत देखने को मिली है। वैश्विक स्तर पर जहां दुनिया युद्ध, आर्थिक संकट और ऊर्जा संकट जैसी चुनौतियों से जूझ रही है, वहीं फिलीपींस के नेग्रोस द्वीप स्थित माउंट कनलाओन ने 15 मार्च 2026 की शाम करीब 6:07 बजे मध्यम तीव्रता का विस्फोट किया। इस घटना की पुष्टि फिलीपीन इंस्टीट्यूट ऑफ वोल्केनोलॉजी एंड सीस्मोलॉजी (पीएचआईवीओएलसीएस) ने की है और ज्वालामुखी के लिए लेवल-2 अलर्ट जारी किया है। साल 2026 में यह कैनलॉन ज्वालामुखी का तीसरा मध्यम विस्फोट माना जा रहा है। इसके पहले 19 और 26 फरवरी को भी इसी तरह के विस्फोट दर्ज किए जा चुके हैं।

पीएचआईवीओएलसीएस के अनुसार यह विस्फोट करीब दो मिनट तक जारी रहा। इस दौरान ज्वालामुखी से राख और धुएं का विशाल गुबार करीब 2,500 मीटर की ऊंचाई तक उठा और बाद में दक्षिण-पश्चिम दिशा की ओर फैल गया। विस्फोट के दौरान ज्वालामुखी के क्रेटर से जलते हुए पत्थर और गर्म मलबे के टुकड़े उछलते दिखाई दिए, जबकि पाइरोक्लास्टिक डेंसिटी करंट्स करीब दो किलोमीटर के दायरे तक फैल गए।

Owner, Publisher, Printer: - Komal Sharma, C/O Ummpl Marketing Pvt. 194-G, Sector 63, Noida 201307, Editor: Sandeep Sharma
Contact - +91 9888200619
* तमाम प्रकाशित सामग्री के चयन व संपादन हेतु आर.बी.एक्ट. के तहत जिम्मेवार *